# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 1 मई 2024






# हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



*लोकसभा चुनाव में भी मतदाताओं को साधने के लिए भाजपा ने बड़ी ताकत झोंकी है। 20-20 मतदाताओं के लिए एक-एक कार्यकर्ता को जिम्मा दिया गया है। प्रदेश में करीब दो करोड़ मतदाता हैं। ऐसे में भाजपा के दस लाख कार्यकर्ता लगे हुए हैं। इनका काम मतदाताओं से वन टू वन करना है। मतदान के दिन भी कार्यकर्ता भाजपा समर्थक मतदाताओं को घरों से निकालकर मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। इसी के साथ कार्यकर्ता यह भी देख रहे हैं कि जो भाजपा के मतदाता नहीं हैं, उनको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर उनसे भी भाजपा के पक्ष में मतदान कराया जाए।*

भाजपा का फोकस लोगों को घरों से निकालकर बूथ तक पहुंचाना

# भाजपा ने झोंकी बड़ी ताकत, हर 20 मतदाताओं पर एक कार्यकर्ता, 10 लाख की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा चुनाव के लिए भी पन्ना और पेज प्रभारियों को बड़ा जिम्मा दिया है। एक-एक बूथ को लेकर रणनीति बनी है। एक बूथ में आमतौर पर आठ से 12 सौ तक मतदाता रहते हैं। एक पेज में 30 मतदाता होते हैं। इसी के साथ के साथ एक पन्ने में आगे पीछे मिलाकर 60 मतदाता होते हैं। ऐसे में दो पेज प्रभारी और एक पन्ना प्रभारी मिलाकर तीन-तीन कार्यकर्ता एक पन्ने के लिए तय हैं। इन तीन कार्यकर्ताओं में 20-20 मतदाताओं को बांटा गया है। एक-एक कार्यकर्ता को अपने हिस्से के मतदाताओं से वन टू वन करके उनकी पूरी जानकारी लेनी है। यह काम विधानसभा के समय भी किया गया था और अब भी लोकसभा में कार्यकर्ता एक-एक मतदाता से वन टू वन कर रहे हैं और उनको भाजपा के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं।



### सभी 11 सीटें जीतने का लक्ष्य

*विधानसभा चुनाव में जहां 50 से ज्यादा सीटें जीतकर सत्ता में वापसी का लक्ष्य था, वहीं इस बार लोकसभा में सभी 11 सीटें जीतने का लक्ष्य है। भाजपा को आज तक कभी भी 11 सीटें नहीं मिली हैं। भाजपा दो बार दस-दस सीटें जीती है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने विधानसभा में बड़ी हार के बाद भी 9 सीटें जीती थीं। इस बार सभी 11 सीटें जीतने का लक्ष्य है। ऐसे में पन्ना और पेज प्रभारी लगातार काम कर रहे हैं।*

### विधानसभा में सफल हुई थी रणनीति

*भाजपा ने पन्ना और पेज प्रभारी बनाकर विधानसभा में भी काम किया था। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने सबसे पहले यह प्रयोग गुजरात में किया था तो वहां पर इसमें बड़ी सफलता मिली थी और भाजपा को विधानसभा में ज्यादा सीटें मिली थीं। इसके बाद भाजपा ने यही प्रयोग बीते साल पांच राज्यों की विधानसभाओं में भी किया। इसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। इसमें बड़ी सफलता मिली और छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है।*



### कार्यकर्ता जुटे हैं काम में

पन्ना और पेज प्रभारी लगातार अपना काम कर रहे हैं। इनकी मेहनत के कारण विधानसभा में बड़ी सफलता मिली थी, अब लोकसभा में भी इस बार सभी 11 सीटें जीतने के लक्ष्य पर काम हो रहा है।

**- भूपेंद्र सवन्नी,** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष

---

## आमने/सामने

### शिव लड़ेंगे राम से मल्लिकार्जुन खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया को मंच से लोगों का परिचय कराते हुए कहा, ये शिव हैं, ये राम से लड़ेंगे। शिव के लिए वोट मांगने आया हूं मेरा नाम भी मल्लिकार्जुन यानी शिव है। हमें धर्म की बातों पर नहीं जाना चाहिए। न ही धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाना चाहिए। हम जो पांच गारंटी लेकर आए हैं उससे देश और गरीब जनता दोनों का भला होगा।


### राम द्रोहियों का नाश निश्चित-विजय शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, खड़गे के इस बयान पर हिंदू होने के नाते मुझे आपत्ति है। ये कैसे व्यक्ति हैं, जो यह कहते हैं कि शिव राम से लड़ेंगे। वह जानते नहीं कि शिव, राम को ही अपना आराध्य मानते हैं। जो कांग्रेसी राम के अस्तित्व को नकार चुके हैं। राम मंदिर के आमंत्रण को ठुकरा चुके हैं, इसी मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र ने सनातन को नष्ट करने की धमकी देने वाले का समर्थन किया था। इन राम के द्रोहियों का नाश निश्चित है।

## खुर्शीद की भतीजी ने की 'वोट जिहाद' की अपील

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दौरान नेताओं द्वारा विवादित बयान दिए जा रहे हैं। इसमें अब पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम खान का भी नाम शामिल हो गया है। मारिया आलम समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं और इस दौरान उन्होंने 'वोट जिहाद' करने की बात कही दी। एक वीडियो क्लिप में मारिया आलम कहती हैं, "बहुत अकलमंदी के साथ, बहुत जज्बाती ना होकर, खामोशी के साथ, एक साथ होकर वोटों का जिहाद करो। मुझे बहुत शर्म आती है जब मैंने सुना कि कुछ मुस्लिमों ने भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के साथ मीटिंग की। उनका समाज से हुक्का पानी बंद कर देना चाहिए।"



### शिकायत हुई दर्ज

मंगलवार को उड़नदस्ता टीम के प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कायमगंज कोतवाली में केस दर्ज कराया। इसमें कहा कि सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटों के ध्रुवीकरण के लिए यह बयान दिया गया है। पुलिस ने पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व मारिया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बांसुरी स्वराज का नामांकन



**नई दिल्ली।** भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को नई दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी मौजूद थे।

आलाकमान से लगाई गुहार

## अमेठी में राहुल की मांग समर्थक कर रहे प्रदर्शन

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश (यूपी) के अमेठी से फिलहाल कांग्रेस का उम्मीदवार तय नहीं हो पाया है। प्रत्याशी के नाम में ऐलान से जुड़ी देरी को लेकर पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं में रोष पनप चुका है। मंगलवार (30 अप्रैल, 2024) को वहां के गौरीगंज में कांग्रेस दफ्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने अमेठी से गांधी परिवार के उम्मीदवार को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस के कार्यकर्ता



इस दौरान दरी बिछाकर पार्टी दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे थे। वे इस दौरान हाथ में तख्तियां लिए थे, जिन पर "अमेठी मांगे गांधी परिवार" और "अमेठी मांगे राहुल गांधी" लिखा हुआ था।

---

*अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस की राष्ट्रीय महिला नेता सोनल पटेल हैं जंग में*

# भाजपा का गढ़ गांधीनगर... कांग्रेस के सामने आसान नहीं चुनावी राह

*लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में सात मई को गुजरात की 25 सीटों पर होने वाले चुनाव में देश की हाई प्रोफाइल सीटों में शुमार गांधीनगर लोकसभा सीट भी शामिल है, जहां पिछले साढ़े तीन दशक से ज्यादा समय से भाजपा के कब्जे में है। खास बात ये है कि इस सीट पर देश के दिग्गज नेता चुनावी जंग लड़ चुके हैं, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी शामिल हैं। इसी सीट से पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी छह बार जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं।*

ओपी पाल ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के उम्मीदवार के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस बार दूसरी बार गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। अमित शाह को टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने पार्टी की राष्ट्रीय सचिव सोनल पटेल को चुनाव मैदान में उतारा है। इस सीट पर मुख्य चुनावी मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही है। गुजरात की राजधानी मुख्यालय की गांधीनगर लोकसभा सीट भाजपा के बेहद सुरक्षित बन चुकी है, जहां अन्य किसी दल के लिए सियासी जंग में भाजपा को टक्कर देना बेहद ही मुश्किल नजर आता है। पिछले 35 सालों से इस संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस अपनी सियासी जमीन तलाश रही है, लेकिन भाजपा के सामने हमेशा ही वह बौनी साबित हुई।

इस सीट पर 1996 का लोकसभा चुनाव पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने भारी मतों से जीता और उन्होंने उसी साल यह सीट छोड़ दी, तो यहां हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी विजयभाई पटेल के सामने बॉलीवुड स्टार राजेश खन्ना को कांग्रेस के टिकट से चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन भाजपा के सामने कांग्रेस को निराशा ही हाथ लगी। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी दूसरी बार चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस ने बड़ा दांव खेला है और गुजरात की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव सोनल पटेल को चुनावी जंग में उतारा है। हालांकि इस सीट पर अमित शाह और सोनल पटेल समेत कुल 14 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनमें सात निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। गांधीनगर लोकसभा सीट पर 19,45,149 मतदाता सात मई को वोटिंग करने के लिए अधिकृत हैं, जिनमें 9,41,434 पुरुष तथा 10,04,291 महिला मतदाता शामिल हैं। जबकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में गांधीनगर लोकसभा सीट पर कुल 19,45,772 मतदाता थे।

### जातीय समीकरण

*गांधीनगर लोकसभा सीट के अंतर्गत सात विधानसभाएं आती है, जिसमें जिला गांधी नगर की गांधीनगर उत्तर और कलोल तथा जिला अहमदाबाद की साणंद, घाटलोरिदया, वेजलपुर, नारणपुरा व साबरमती विधानसभा सीट शामिल हैं। खास बात ये है फिलहाल इन सातों विधानसभाओं पर भाजपा काबिज है। गुजरात की गांधीनगर लोकसभा ऐसी सीट है, जहां 79 फीसदी आबादी शहरी और 21 फीसदी ग्रामीण क्षेत्र में रहती है। अनुसूचित जाति की आबादी 11.41 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति की आबादी 1.96 प्रतिशत है। जबकि मुस्लिम आबादी केवल 4 प्रतिशत से कुछ ज्यादा है। इसके अलावा बौद्ध 0.06, ईसाई 0.58, जैन 2.21 तथा सिख 0.19 प्रतशत हैं।*



### शाह, सोनल का सियासी सफरनामा

गांधीनगर सीट पर भाजपा प्रत्याशी अमित शाह साल 2014 में राजग के अध्यक्ष पद पर काम किया और वे 2014 से 2020 तक गुजरात से राज्यसभा सदस्य रहे। सल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लालकृष्ण आडवाणी की जगह अमित शाह को गांधी नगर से अपना प्रत्याशी बनाया और कांग्रेस के डॉ. सी. जे. चावड़ा पांच लाख से भी ज्यादा रिकार्ड मतों से पराजित किया। फिलहाल वे मोदी सरकार में गृहमंत्री हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी सोनल पटेल पिछले कई सालों से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय है। साल 2014 से 2017 के बीच वे गुजरात में महिला कांग्रेस अध्यक्ष भी रही और फिलहाल वह अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की सचिव पद पर हैं।

### चुनावी इतिहास


*गुजरात में लोकसभा सीट सृजित होने के बाद यहां हुए एक उप चुनाव समेत 15 चुनाव में दस बार भाजपा ने अपना परचम लहराया है, जबकि कांग्रेस पहली बार 1967 और 1971 के चुनाव में जीत मिली, लेकिन 1977 का चुनाव जनसंघ समर्थित जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। इसके बाद लगातार दो बार फिर कांग्रेस ने यहां से अपना सांसद बनवाया। इसके बाद 1989 के चुनाव में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके शंकरसिंह बाघेला ने 1989 के चुनाव में भाजपा की जीत का श्रीगणेश किया, जो अभी तक अविरल जारी है। इसमें लालकृष्ण आडवाणी और फिर अटल बिहारी वाजपेयी की जीत भी शामिल है। इसके बाद लालकृष्ण आडवाणी इस सीट से 2019 तक लगातार 25 साल सांसद बने। पिछला चुनाव भाजपा के अमित शाह ने रिकार्ड जीत दर्ज कर गांधी नगर सीट को अभेद गढ़ बना दिया, जो इस बार भी चुनावी जंग में है।*

---

महाराष्ट्र की रैली में विपक्ष पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री

## 'मोहब्बत की दुकान' में बिकने लगे हैं फेक वीडियो : मोदी

**उस्मानाबाद।** महाराष्ट्र के उस्मानाबाद में आयोजित विशाल जनसभा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी आपका जीवन बदलने के लिए दिन-रात काम करता है। वहीं इंडी गठबंधन वाले मोदी को बदलने के लिए पूरी ताकत लगा रहें हैं। मैं आपका जीवन बदलना चाहता हूं लेकिन वे मुझे बदलना चाहते हैं। फेक वीडियो को लेकर उन्होंने कहा, 'इनकी हालत यह है कि झूठ नहीं चलता है तो एआई से हमारे चेहरे का उपयोग करते है। उनकी 'मोहब्बत की दुकान' में फेक वीडियो बिकने लगे हैं। मोदी की आवाज को और मोदी के भाषण का उपयोग करके नई-नई चीजें गढ़ रहे हैं।'



### सच बोलने की जगह नहीं बची है?

*प्रधानमंत्री ने कहा, 'वे मोदी को गालियां देते फिरेंगे। हमारे ऊपर अनगिनत झूठे आरोप लगाएंगे। आजकल तो ये दिन-रात मोदी को गाली देने में लगे हैं। ये देश के लिए क्या करेंगे उसका कुछ पता नहीं है।' उन्होंने कहा कि ये तो बस मोदी को मारो, मोदी को पीटो और मोदी को गाली दो... यही सब कहते रहते हैं। ये लोग अब आपको भी डराने लगे हैं।*

## कांग्रेस को फिर झटका, 6 बार के विधायक ने छोड़ी पार्टी

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के एक और नेता ने पार्टी का साथ छोड़ दिया है। विजयपुर से दिग्गज विधायक रामनिवास रावत मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गए। वह 6 बार से इस सीट से विधायक बन रहे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में रामनिवास रावत ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर मुरैना से चुनाव लड़ा था। लेकिन वह पूर्व कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तौमर के सामने हार गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि मुरैना लोकसभा से टिकट न मिलने से नाराज होकर उन्होंने यह कदम उठाया है।

बोले- कभी कहा था, मेरी उंगली पकड़कर राजनीति में आया

## 'भटकती आत्मा' कहने पर पीएम मोदी पर भड़के पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के वरिष्ठ नेता और एनसीपी संस्थापक शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस कटाक्ष पर पलटवार किया है, जिसमें एक दिन पहले प्रधानमंत्री ने उन्हें भटकती आत्मा करार दिया था। मंगलवार को मराठा छत्रप ने कहा कि हां मैं भटकती आत्मा हूं। उनकी आत्मा किसानों और आम आदमी की दुर्दशा को उजागर करने के लिए भटक रही है। पवार शिरुर लोकसभा क्षेत्र के जुन्नार तहसील में अपनी पार्टी के उम्मीदवार अमोल कोल्हे के लिए आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।



### मोदी ने बढ़ाए सभी चीजों के दाम

पवार ने आगे कहा कि आम लोगों की कठिनाइयों और अन्य मुद्दों को उठाया जाना चाहिए। "मैंने पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण से ऐसी राजनीतिक सीख और मूल्य ग्रहण किए हैं। मोदी ने सत्ता में आने के बाद (2014 में) ईंधन और एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कमी लाने का वादा किया था लेकिन इन वस्तुओं की मौजूदा कीमतों की जांच कर लें। मोदी ने सभी के दाम बढ़ा दिए हैं।"

---

1989 के लोकसभा चुनाव के बाद का है यह रोचक वाकया

# चंद्रशेखर को अंधेरे में रखकर वीपी सिंह को बनाया गया प्रधानमंत्री

*साल 1989 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी की तरह तो उभरी, लेकिन सरकार बनाने को लेकर पर्याप्त संख्या उसके पास नहीं थी तो उसने विपक्ष में बैठने का फैसला किया। ऐसे में 144 सीटें पाने वाले जनता दल ने बीजेपी और लेफ्ट के बाहर से दिए गए समर्थन से सरकार बनाने की रणनीति बनाई।*

***पत्रकार संतोष भारतीय की किताब में है पूरे मामले का जिक्र, अरुण नेहरू ने देवीलाल के साथ मिलकर किया था 'खेल'***

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव के बाद बतौर प्रधानमंत्री तीन दावेदारों के चेहरे सामने थे। वी. पी. सिंह, चंद्रशेखर और देवीलाल, हालांकि देवीलाल की उम्मीदवारी काफी कमजोर ही थी। ऐसे में चंद्रशेखर की ओर से प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर मुखर तौर पर कहा गया था कि वो रेस में हैं, खासतौर से ये बात वो वी. पी. सिंह के मुंह पर भी कह चुके थे।

### चंद्रशेखर को हटाने की योजना

जनता दल के चुनाव प्रचार में वी. पी. सिंह ने बोफोर्स मुद्दे को हवा देकर वोट मांगे थे। हालांकि औपचारिक तौर पर प्रधानमंत्री के चेहरे की घोषणा नहीं की गई थी। ऐसे में अब प्रधानमंत्री की कुर्सी को लेकर एक बेहद दिलचस्प प्रकरण रचा गया। पत्रकार संतोष भारतीय की किताब 'वी. पी. सिंह, चंद्रशेखर, सोनिया और मैं' के मुताबिक अरुण नेहरू ने चंद्रशेखर को पीएम की रेस से हटाने के लिए एक योजना बनाई, जिसमें बीजू पटनायक और देवीलाल को भी शामिल किया गया।



**सर्वाधिक 144 सीट पाने वाली कांग्रेस ने विपक्ष में बैठने का किया था निर्णय**

**जनता दल ने भाजपा-लेफ्ट के समर्थन से बनाई थी सरकार**

**वीपी, चंद्रशेखर देवीलाल थे पीएम पद के मजबूत दावेदार**

### देवीलाल का नाम प्रस्तावित

योजना के मुताबिक संसदीय दल की होने वाली बैठक के बारे में नाम की घोषणा को लेकर चंद्रशेखर को ये बताया जाएगा कि नेता के तौर पर वी. पी. सिंह की जगह देवीलाल का नाम आगे रखा जाएगा। हालांकि इस दौरान रणनीति के हिसाब से चंद्रशेखर से ये छुपाया गया कि देवीलाल का नाम प्रस्तावित होने के बाद वी. पी. सिंह का नाम आगे किया जाएगा। इसी प्लानिंग के तहत राष्ट्रीय मोर्चा के सांसदों की बैठक में देवीलाल का नाम प्रस्तावित किया गया। हालांकि ऐसा होने के बाद संसद के सेंट्रल हॉल में सन्नाटा छा गया। इसके बाद देवीलाल ने वी. पी. सिंह का नाम आगे रख दिया और वो पीएम की कुर्सी तक पहुंचे। हालांकि इस पूरी योजना में जिस तरह चंद्रशेखर को अंधेरे में रखा गया, उससे वो बेहद आहत दिखे। चंद्रशेखर ने अपनी आत्मकथा जिंदगी और कारवां में इस बात का जिक्र भी किया है। उन्होंने लिखा कि उस सरकार की शुरुआत ही कपट से हुई थी।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 1 मई 2024







# कला संकाय के छात्र भी कर सकेंगे इंजीनियरिंग, पीईटी की जरूरत नहीं, सीधे द्वितीय वर्ष में एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

कला संकाय के छात्र भी अब इंजीनियरिंग कर सकेंगे। उन्हें पीईटी की आवश्यकता नहीं होगी। सीधे द्वितीय वर्ष में दाखिला ले सकेंगे। छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में बीटेक में प्रवेश के लिए नियमों में बदलाव किया गया है। इसके अंतर्गत ही यह व्यवस्था की गई है। अब तक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में छात्रों को 12वीं कक्षा के बाद पीईटी में प्राप्त अंकों के आधार पर दाखिले दिए जाते थे। इसके अलावा इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी बीई में दाखिले की पात्रता होती थी। ऐसे छात्रों को सीधे बीई द्वितीय वर्ष में प्रवेश प्रदान कर दिया जाता है। नए नियमों के अनुसार, अब बीवॉक कर चुके छात्रों को भी सीधे बीटेक में लेटरल एंट्री मिल सकेगी। बीवॉक के साथ ही डीवॉक के छात्र भी इसके लिए पात्र होंगे। बीवॉक में छात्रों को 12वीं कक्षा के बाद दाखिले दिए जाते हैं। इसके लिए किसी संकाय विशेष की बाध्यता नहीं होती है। विज्ञान और गणित संकाय के छात्रों के अलावा वाणिज्य और कला संकाय के छात्रों को भी बीवॉक में प्रवेश दे दिया जाता है। इस तरह से अब कला संकाय के ▶▶| शेष पेज 2 पर

## अब तक इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करने वाले छात्रों को ही मिलता था इसमें प्रवेश

### कई विषयों में होता है बीवॉक

बीवॉक अर्थात बैचलर इन वोकेशन पाठ्यक्रम के अंतर्गत कई विषयों में पढ़ाई कराई जाती है। पं. रविशंकर शुक्ल विवि के अध्ययनशाला में संचालित बीवॉक में अक्षय ऊर्जा संबंधित पाठ्यक्रम संचालित हैं। यह इंजीनियरिंग संबंधित क्षेत्र में आता है, लेकिन इसमें कला संकाय के छात्रों को भी प्रवेश की पात्रता होती है। अन्य विश्वविद्यालयों में फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, ▶▶| शेष पेज 2 पर



### एक वर्ष पश्चात डीवॉक की डिग्री

बीवॉक के साथ ही डीवॉक की उपाधि प्राप्त छात्रों को भी बीई में दाखिले का प्रावधान रखा गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार, बीवॉक में दाखिला प्राप्त छात्र यदि एक वर्ष में बीवॉक की पढ़ाई छोड़ देते हैं तो उन्हें डीवॉक की उपाधि दी जाएगी। ऐसे में ये छात्र भी इंजीनियरिंग कोर्स में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। इसी तरह से 6 माह बाद बीवॉक की पढ़ाई छोड़ने पर सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाता है।

### विज्ञान-गणित को प्राथमिकता

रविवि में संचालित बीवॉक पाठ्यक्रम में साइंस और मैथ्स के साथ ही आर्ट्स और कॉमर्स के छात्रों को भी प्रवेश दिया जाता है। प्राथमिकता साइंस-मैथ्स के छात्रों को दी जाती है। सीटें रिक्त रहने की स्थिति में कला संकाय के छात्रों को भी हम दाखिला देते हैं। हालांकि छात्रों को प्रवेश परीक्षा दिलानी होती है।

**- डॉ.कविता ठाकुर**
प्रभारी, बीवॉक पाठ्यक्रम, रविवि









## नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान

# नारायणपुर में नक्सलियों पर सबसे बड़ा अटैक, तीन महिलाओं समेत 10 का एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ऐसी खबर है कि नारायणपुर में नक्सलियों पर सुरक्षाबलों ने पहली बार बड़ा अटैक किया है। पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जिला नारायणपुर एवं कांकेर के सीमावर्ती इलाके के अबुझमाड़ क्षेत्रांतर्गत काकूर-टेकमेटा-परोदी के सरहदी इलाके में प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य सोनू, डीव्हीसी सदस्य जोगन्ना, विनय उर्फ अशोक एवं उत्तर बस्तर डिवीजन, माड़ डिवीजन, गढ़चिरौली डिवीजन के माओवादी कैडर की उपस्थिति की आसूचना पर 29 अप्रैल को नारायणपुर डीआरजी तथा एसटीएफ की संयुक्त बल सर्चिंग अभियान हेतु रवाना किया गया था। सर्चिंग के दौरान थाना सोनपुर ▶▶| शेष पेज 2 पर

*छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ स्थल से एके 47, इंसास, थ्री नाट थ्री, पिस्टल व अन्य कई सामान बरामद किए गए हैं। 16 अप्रैल के बाद यह दूसरी बड़ी मुठभेड़ हुई, जिसे बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया गया है।*



### नक्सलियों को नहीं मिला भागने का मौका

फोर्स ने पहाड़ को तीन तरफ से घेरकर जवाबी फायरिंग करते हुए बढ़ने लगे। वहीं, माओवादियों को भागने का मौका नहीं मिल पाया और 10 माओवादियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। इसमें 7 पुरुष व 3 महिला ▶▶| शेष पेज 2 पर

### सीएम साय बोले- मजबूती से लड़ते रहेंगे



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नारायणपुर जिले में फ़ोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए हैं। सफल ऑपरेशन के ▶▶| शेष पेज 2 पर

### डिप्टी सीएम शर्मा बोले- समर्पण करें नक्सली



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से आग्रह किया है कि वे समर्पण करें एवं सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने एक वीडियो संदेश में ▶▶| शेष पेज 2 पर

### इधर, 8 और 5 लाख के इनामी समेत 16 नक्सलियों का सरेंडर



*बीजापुर। नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान सुरक्षाबलों के संयुक्त प्रयासों से पीएलजीए बटालियन नंबर 1 का सदस्य व माटवाड़ा एलओएस कमांडर सहित 16 नक्सलियों ने नक्सल पंथ से तौबा कर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर किए गए नक्सलियों में एक पर 8 लाख, एक पर 5 लाख व 2 पर एक-एक लाख का इनाम घोषित है। मंगलवार को बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव व पुलिस एवं सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के समक्ष पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 का सदस्य अरुण कडती पिता सीतैया (21), स्कूलपारा पोलमपल्ली थाना बासागुड़ा, माटवाड़ा* ▶▶| शेष पेज 2 पर

## चार सप्ताह में सभी मामलों का निराकरण करने का आदेश भी

# जीपी को बड़ी राहत, कैट ने दिया बहाली का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आखिरकार आईपीएस जीपी सिंह को केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण (कैट) ने राहत दे दी। कैट ने आईपीएस जीपी सिंह के बहाली आदेश जारी करने के साथ ही राज्य सरकार को आदेश दिया है कि उनसे संबंधित सारे मामलों का निराकरण चार सप्ताह के भीतर कर दिया जाए। कैट के प्रधान बेंच के चेयरमैन जस्टिस रंजीत मोरे और सदस्य जस्टिस आनंद माथुर ने पूरे मामले को सुनने के बाद जीपी सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया।

वर्ष 2021 में जीपी सिंह के घर पर ईओडब्ल्यू और एसीबी ने रेड मारी ▶▶| शेष पेज 2 पर

### कांग्रेस सरकार में दर्ज हुए कई मामले

बर्खास्तगी के बाद जीपी सिंह कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे। वे हर स्तर पर अपना पक्ष मजबूती के साथ रख रहे थे। आईपीएस जीपी सिंह को उत्कृष्ट सेवा के लिए मेरीटोरियस मेडल और बहादुरी के लिए ▶▶| शेष पेज 2 पर

### ये मामले थे दर्ज

जीपी सिंह के खिलाफ तत्कालीन भूपेश सरकार में आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा कोतवाली थाने में राजद्रोह का केस भी दर्ज हुआ। वहीं दुर्ग में एक हिस्ट्रीशीटर कमल सेन ने उनके खिलाफ ब्लैकमेलिंग का केस दर्ज कराया था। कमल सेन वही व्यक्ति है जिसके खिलाफ पश्चिम बंगाल के हुगली के हरपाल थाने तथा महासमुंद के कोतवाली थाने में धोखाधड़ी ▶▶| शेष पेज 2 पर

**INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड**

मुंबई 144/7 VS लखनऊ 145/6

04 विकेट से लखनऊ विजयी

स्टोयनिस, 62 रन
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

चेन्नई VS पंजाब

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### कार-भारी वाहन की टक्कर, पांच की मौत

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर में सोमवार रात को एक कार की एक भारी वाहन से आमने-सामने की टक्कर में कार में सवार एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक महिला समेत चार वयस्कों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान के. एन. पद्मकुमार (59), सुधाकरन (52), उनकी पत्नी अजीता (35), ससुर कोझुम्मल कृष्णन (65) और आकाश (9) के रूप में की गई है।

**हिट एंड रन**

# बस के इंतजार में खड़े थे ट्रक ने रौंदा, चार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

ग्राम तिलई में तेज गति एवं लापरवाही से भागती ट्रक ने सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे चार लोगों को ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही चारों की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। जिससे खैरागढ़ मार्ग बाधित रहा। प्राप्त जानकारी के ▶▶| शेष पेज 2 पर



### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

घटना के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने खैरागढ़ मार्ग तिलई में चक्काजाम कर उचित मुआवजा की मांग करने लगे। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी एवं स्टाफ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाईश देने जुटे रहे। चक्काजाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

# आलू से भरी गाड़ी में 50 लाख कैश, बोरियों के बीच छिपाकर रखा था रुपए से भरा कार्टून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/आरंग

आचार संहिता के कारण व्यापारी सहित कई लोग बड़ी राशि का कैश में लेनदेन पुलिस की नजर से बचते हुए करने लगे हैं। इसके लिए कई व्यापारी कैश रुपये का लेनदेन भी चोरी छिपे ट्रांसपोर्टिंग के जरिए करने लगे हैं। आरंग क्षेत्र के महासमुंद तिरोह के पास पुलिस ने जांच के दौरान आलू से भरी एक पिकअप गाड़ी की तलाशी ▶▶| शेष पेज 2 पर

- आरंग पुलिस ने महासमुंद तिराहे के पास जांच के दौरान पकड़ा



### व्यापारी से इंकम टैक्स विभाग करेगा पूछताछ


पुलिस ने इस मामले को इंकम टैक्स विभाग को हैंडओवर कर दिया है। यह मामला टैक्स चोरी का भी हो सकता है, इसलिए इंकम टैक्स विभाग अब इस मामले में संबंधित आलू व्यापारी से भी पूछताछ करेगा।

### आलू का व्यापारी रायपुर का

आरंग थाना से मिली जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन से जिस व्यापारी की आलू की खेप ओडिशा जा रही थी, वह रायपुर का रहने वाला है, जिसका नाम सुनील साहू बताया गया है। पुलिस का यह भी कहना है कि व्यापारी आलू का थोक के साथ काजू का भी व्यापार करता है। ओडिशा में काजू की अच्छी फसल है, इसलिए ▶▶| शेष पेज 2 पर

## सांसद प्रज्वल रेवन्ना पार्टी से निलंबित

**बेंगलुरु।** जनता दल सेक्युलर (जदएस) ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में संलिप्तता के लिए हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को मंगलवार को पार्टी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। हुब्बल्ली में पार्टी की कोर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा से रेवन्ना के निलंबन की सिफारिश की थी।



**कार्रवाई**

# कांग्रेस के पक्ष में प्रचार, जिला सहकारी बैंक के सीईओ सस्पेंड

**दुर्ग।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के सीईओ एसके जोशी को राज्य शासन द्वारा निलंबित कर दिया गया है। सीईओ के खिलाफ विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में कार्य करना और धान खरीदी के बाद समितियां से 25-25 हजार रुपए वसूलने की शिकायत हुई ▶▶| शेष पेज 2 पर

- दुर्ग से हटाकर जगदलपुर केंद्रीय बैंक भेजे गए अधिकारी

### जांच में यह तथ्य आए सामने

जांच में यह बातें पाई गई कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के सुरेंद्र कुमार जोशी ने विधानसभा चुनाव-2023 के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ▶▶| शेष पेज 2 पर

## एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की कोर्ट में टीके के 'बहुत दुर्लभ' दुष्प्रभाव को किया स्वीकार

# 'कोविशील्ड' से हो सकता है हार्ट अटैक- ब्रेन स्ट्रोक!

एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटेन स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया है कि इसका कोविड टीका रक्त के थक्के जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है, यानी दूसरे शब्दों में कहें तो हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और प्लेटलेट्स गिरने का कारण बन सकती है।

कंपनी ने इसके साथ ही यह भी जोड़ा कि ऐसा बेहद दुर्लभ मामलों में ही होगा और आम लोगों को डरने की जरूरत नहीं है।



### 51 याचिकाकर्ताओं में 12 ने प्रियजनों को खो दिया

51 वादियों में शामिल 12 ने अपने प्रियजनों को खो दिया है। लॉ फर्म में साझेदार सारा मूर ने कहा, सभी वादियों के पास मृत्यु प्रमाण पत्र या मेडिकल साक्ष्य हैं जो इसकी पुष्टि करते हैं कि टीके के कारण मौतें हुईं।

### रक्त का थक्का जमना प्लेटलेट की कमी

वाद दायर करने वालों की ओर से पेश हुए वकीलों ने कहा कि वे या उनके प्रियजन, जिन्होंने एस्ट्राजेनेका टीका लगवाया है, उनमें एक दुर्लभ लक्षण पाया गया है जिसे रक्त का थक्का जमना और प्लेटलेट की कमी (टीटीएस) के रूप में परिभाषित किया गया है।

### क्या कहती है कंपनी

एस्ट्राजेनेका का कहना है कि टीके से संबंधित उत्पाद जानकारी अप्रैल 2021 में ब्रिटेन के नियामक की मंजूरी के साथ अद्यतन की गई थी, जिसमें इस संभावना को शामिल किया गया था कि एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड टीका बहुत ही दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकता है, जो यह संकेत देता है कि इस पहलू के बारे में अदालती दस्तावेज में दिया गया संदर्भ कोई नयी चीज नहीं है।

### एक्सपर्ट का ऐसा दावा

ब्रिटिश भारतीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ असीम मल्होत्रा ने कहा, यह बहुत ही चिंता की बात है कि अब केवल एस्ट्राजेनेका ही अपने कोविड टीके से गंभीर नुकसान को स्वीकार कर रहा है। निश्चित रूप से, वे इसे शुरू से ही जानते होंगे और इसलिए इस बारे में गंभीर सवाल रहे होंगे कि क्या इसे सबसे पहले मानव को दिया जाना चाहिए था।

## चिंतन

# सभी वैक्सीन सुरक्षित हों जीवन से न हो खिलवाड़

कोरोना का टीका कोविशील्ड की निर्माता ब्रिटिश फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का साइड इफेक्ट को लेकर कबूलनामा डराने वाली है। विश्व भर में ढाई अरब डोज कोविशील्ड टीके की दी गई, भारत में करीब 1.7 अरब डोज दी गई। कोरोना के विभिन्न टीके लगने के बाद विश्व के विभिन्न हिस्से से अचानक मौत की खबरें आती रहती हैं, लेकिन किसी भी मेडिकल बॉडी ने घोषित तौर पर यह नहीं कहा है कि ऐसे मौतें कोविड टीके के साइड इफेक्ट के चलते हुई हैं। अब कोविशील्ड टीका बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश अदालत में खुद स्वीकार किया है कि उसका कोविड टीका रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉटिंग) जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि कोविड-19 से बचाव के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया टीका ''बहुत दुर्लभ मामलों में'' रक्त के थक्के जमा सकता है और प्लेटलेट की संख्या (टीटीएस) को घटा सकता है। टीटीएस के परिणाम संभवतः जानलेवा हैं, जिनमें दिल का दौरा पड़ना, मस्तिष्क को नुकसान पहुंचना, फेफड़े में रक्त प्रवाह बाधित होना आदि शामिल हैं। एस्ट्राजेनेका वैक्सजेव्रिया टीके का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने भी किया था और इस टीके को भारत में 'कोविशील्ड' नाम से लोगों को लगाया गया था। यूं तो मॉडर्न मेडिसिन के साइड इफेक्ट्स जगजाहिर हैं, लेकिन ये नियंत्रित और अल्प हैं, इनमें जीवन रक्षक की अधिक खूबिया हैं। लेकिन टीके के मामले में अधिक गंभीरता की आवश्यकता है। टीका बचाव के लिए स्वस्थ आदमी को भी लगता है, इसलिए इसके सुरक्षित होने की गारंटी जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नियमों के मुताबिक एक टीका के विकास, ट्रायल, अध्ययन आदि के लिए औसतन दस वर्ष निर्धारित हैं, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान कोविड टीके को जिस जल्दबाजी में डब्ल्यूएचओ और विश्व की केंद्रीय सरकारों व ड्रग नियामकों ने मंजूरी दी, वह अपने आप में सवाल है। कोविड से पहले जीका, इबोला समेत दो सौ से अधिक वायरस सामने आए हैं, जिसने विश्व के अलग-अलग क्षेत्र में तबाही मचाई, लेकिन इन वायरसों के टीके के लिए फार्मा कंपनियां, डब्ल्यूएचओ और सरकारों ने तत्परता नहीं दिखाई, जबकि कोविड के दौरान दिखाई। स्पेनिश फ्लू के मामले एक शताब्दी पहले आ चुके, इसके बावजूद वायरस के टीके नहीं बनाए। कोविड के टीके महामारी के दौरान ही आ गए। कोविड टीके के लिए ट्रायल के नियमों में संशोधन तक किया गया। बेशक कोविड टीके के चलते करोड़ों लोगों की जान बची हो, लेकिन इसके दुष्प्रभाव के चलते अगर सौकड़ों लोगों की ही जिंदगी खतरे में है, तो भी यह मानवता के प्रति अपराध ही है। इसलिए दवा निर्माण को नियंत्रित करने वाले सभी नियामकों –सरकार, ड्रग कानून, डब्ल्यूएचओ को अधिक जिम्मेदार बनने की आवश्यकता है। टीका बनाने वाले वैज्ञानिकों व फार्मा कंपनियों को अधिक जवाबदेह बनने की जरूरत है। आखिर मानव जीवन का सवाल है। किसी भी रोग की कोई भी दवा बनती है, तो इसको मंजूरी देने से पूर्व के सभी स्तर पर और भी कड़े मानकों का पालन किया जाना चाहिए। आज विश्व में अनेक दवाएं हैं, जिनके साइड इफेक्ट्स हैं। ऐसी दवाओं से निजात पाने की आवश्यकता है। मुनाफे के लिए मानव जीवन को खतरे में नहीं डाला जा सकता है। कोविड टीटा लग जाने के बाद अब दुष्प्रभाव का सरकारी स्तर पर अध्ययन होना चाहिए, ताकि प्रभावित लोगों को सुरक्षित किया जा सके। सभी वैक्सीन सुरक्षित होनी चाहिए। फार्मा उद्योग को अधिक नैतिक बनने की जरूरत है। किसी के जीवन से खिलवाड़ नहीं होनी चाहिए।

## विश्व मजदूर दिवस

योगेश कुमार गोयल



# आज भी हाशिये पर श्रमिक

उद्योग, व्यापार, भवन निर्माण, पुल, सड़कों का निर्माण, कृषि इत्यादि समस्त क्रियाकलापों में श्रमिकों के श्रम का महत्वपूर्ण योगदान होता है और वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। समाज के इसी वर्ग के लिए प्रतिवर्ष 1 मई को 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा मजदूर दिवस मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। भारत में श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत किसान मजदूर पार्टी के कामरेड नेता सिंगारावेलू चेट्यार के सुझाव पर 1 मई 1923 को हुई थी। उनका कथन था कि चूंकि दुनियाभर के मजदूर इस दिन को मनाते हैं, इसलिए भारत में भी इसे मनाया जाना चाहिए। इस प्रकार भारत में 1 मई 1923 से मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप मान्यता दी गई। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्केट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्केट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फेंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा, लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया।



मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई। कर्म को ही पूजा समझने वाला यह वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढेरों लुभावने वादे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी, किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुनः उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है श्रमिक दिवस? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यही मजबूरी होती है कि यदि वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा? देश की स्वाधीनता के साढ़े सात दशक से भी ज्यादा बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। भले ही इस संबंध में कई कानून बने हैं, किन्तु श्रमिक वर्ग की समस्याएं इसके बावजूद कम नहीं हैं। हालांकि सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए। जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्रायः जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए मार्टिन लूथर किंग जूनियर के शब्दों में कहें तो इंसानियत को ऊपर उठाने वाले सभी श्रमिकों की अपनी प्रतिष्ठा और महत्व है, अतः श्रम साध्य उत्कृष्टता से किया जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



मुद्दे

रवि शंकर

# स्वास्थ्य चुनावी मुद्दा क्यों नहीं

**चुनाव की सरगर्मी, लोकलुभावन घोषणाओं और वादों के बीच स्वास्थ्य संबंधी चर्चा मौन है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार के जरिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में प्रावधान लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। बीते कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य इलाज मुफ्त में उपलब्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी सरकार से जोड़ने का काम हुआ है।**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन चुनाव की सरगर्मी, लोकलुभावन घोषणाओं और वादों के बीच स्वास्थ्य संबंधी विकरालता की चर्चा मौन है। देश की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति क्या है इससे हम सब बखूबी वाकिफ हैं। देश को आजाद हुए लगभग 77 साल हो गए, लेकिन आज भी मेडिकल के क्षेत्र में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यही वजह है कि देश की आबादी का बड़ा हिस्सा आज भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। देश में अस्पतालों और डॉक्टरों की उपलब्धता जनसंख्या के घनत्व के हिसाब से बहुत कम है और सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं, आधारभूत संरचना, चिकित्सकों, कमरों, दवाइयों, कुशल व प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और दूसरे सुविधाओं की कमी है। इन्हीं अभावों के चलते अपने देश में निजी स्वास्थ्य क्षेत्र को विस्तार करने का मौका मिल गया जिसका गरीब लोगों से कोई वास्ता नहीं।

चुनावी मौसम में राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को हर तरीके से रिझाने में लगी हुई हैं। देश की राजनीति धर्म, जाति, ग़रीबी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों के इर्द-गिर्द घूम रही है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का कहीं जिक्र नहीं हो रहा है। हर साल करोड़ों भारतीय इलाज संबंधित आपात स्थितियों के कारण वित्तीय रूप से बर्बादी के कगार पर पहुंच जाते हैं, लेकिन चुनाव में स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख मुद्दा गौण रहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अस्पतालों के भारी भरकम बिल भरने की वजह से भारत में हर साल करीब छह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। ऐसे लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका प्रमुख कारण भारत के लोगों की सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं होना है। कहते हैं कि असली भारत गांव में बसता है, मगर गांव के लोगों की सेहत का ख्याल रखने वाले चिकित्सा केंद्र 21 सदी के भारत में भी बदतर ही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल एक्सपर्ट की काफी कमी देखी जाती है। ऐसे शहर और गांव के बीच एक ऐसी खाई बन गई, जिसका परिणाम भविष्य में काफी भयावह हो सकते हैं। भले देश में तरक्की की कितनी भी दावे किए जाएं पर गांव में करीब 60 से 70 फ़ीसदी चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी होना अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। ऐसे में स्वस्थ भारत खुशहाल भारत कैसे बनेगा। ये एक बड़ा सवाल है। भले सरकार हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये का बजट पेश करती है, मगर आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। देश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में उदारीकरण के बावजूद, देश की कुल आबादी के पांचवें हिस्से से भी कम जनसंख्या स्वास्थ्य बीमा के दायरे में है। ऐसे में विश्व बैंक की उस रिपोर्ट पर विचार करने की जरूरत है, जिसमें कहा गया है कि 90 फीसदी बीमारियों की पहचान की जा सकती है और इसे ठीक भी किया जा सकता है। अफसोस है कि किसी ने इस सुझाव पर गंभीरता से विचार नहीं किया। शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं,



जिससे मानव संसाधन को बेहतर बनाया जा सकता है। अमर्त्य सेन का कहना है कि उदारीकरण के लिए चाहे जितने भी सेक्टर खोल दें, शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे हर हाल में सरकारी क्षेत्र में ही होने चाहिए, लेकिन ऐसी सलाह पर कौन ध्यान देता है। कनाडा, डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, जर्मनी, यूके, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में दुनिया की सबसे अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं, पर भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में बिना ज्यादा पैसे खर्च किए आपको अच्छी स्वाथ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। जाहिर है, आबादी लगातार बढ़ने के बावजूद आधारभूत ढांचे में सुधार पर अब तक जितना ध्यान देना चाहिए उतना नहीं दिया गया। ये विडंबना तब है जब देश में इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी जरूरी कार्यक्रम और नीतियां मौजूद हैं, लेकिन इन्हें सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। हालांकि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की घोषणा और क्रियान्वयन से आस जगी थी कि अस्वस्थ भारत की तस्वीर बदल जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ।


भारत की करीब तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, पर जानकर यह आश्चर्य होता है कि भारत अपनी कुल जीडीपी का करीब दो फीसदी हिस्सा भी स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च नहीं करता है,जो 141 करोड़ आबादी वाले देश के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के सामान है। साफ है, दूसरे विकसशील देशों की बराबरी के लिए हमें काफी कुछ करना होगा। स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च का वैश्विक स्तर 6 फीसदी माना गया है, लेकिन नई स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुसार भारत 2025 तक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च जीडीपी का 2.5 फीसदी करने का लक्ष्य रखा है। 6 फीसदी का आंकड़ा भारत कब हासिल करेगा इसके लिए कोई प्रस्तावित वर्ष नहीं बताया गया है। जाने-माने अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन भी लगातार जोर देते रहे हैं कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी एकीकृत एक्शन प्लान की सख्त जरूरत है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक प्रगति भी उतनी ही जरूरी है। यदि हम चीन और भारत के आर्थिक विकास की तुलना करें, तो चीन के आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण उसका स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निवेश करना रहा है। भारत को भी अपने नागरिकों को विश्व की स्पर्धा में आगे लाने के लिए उन्हें ये उपहार देना होगा। हमारा देश दिल, किडनी और श्वास रोगों का घर बनता जा रहा है। डायबिटीज के लिए तो उसे विश्व की राजधानी ही कहा जाने लगा है। नेशनल हेल्थ सर्वे में ये बात सामने आई है कि 15 से 49 वर्ष आयु के पुरुषों में दिल की बीमारी मौत का प्रमुख कारण बन रही है। खैर, 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने जब कार्यकाल संभाला तब उनको स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के निरंतर खराब प्रदर्शन से दो-चार होना पड़ा। उनको ये पहले ही पता था कि भारत की तरक्की तभी सुनिश्चित की जा सकती है जब स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जाए। इसके साथ ही उनको ये भी पता था कि यह कार्य एक-दो साल में संभव नहीं है। इसके लिए एक बड़ी नींव रखने की जरूरत है, क्योंकि चीन को भी अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में एक दशक से ज्यादा का समय लग गया था। यह ठीक है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार के जरिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में प्रावधान लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। बीते कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है।

आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य इलाज मुफ्त में उपलब्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी सरकार से जोड़ने का काम हुआ है। सरकार को एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी आसान पहुंच हो और कम खर्च में इलाज हो सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## उपकार



संकलित

**दर्शन**

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनर्पयत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?



संकलित

**प्रेरणा**

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूं ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाए। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुंच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियां करते रहते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियां की चीजों की कामना करते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हानिकारक हैं शिक्षा क्षेत्र के भर्ती घोटाले

हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं। भ्रष्टाचार इस कद्र फैला है जो कानून के जरिए अब समाप्त होना भी मुश्किल ही लगता है। भ्रष्टाचार भावी पीढ़ी के कैरियर को भी ग्रहण लगा रहा है और मेहनतकश युवाओं के कैरियर के सपनों को भी चकनाचूर कर रहा है। हाल ही में कोलकाता में शिक्षा के क्षेत्र में घोटाले की खबर सुर्खियों में है। हालांकि इस भर्ती की नियुक्तियों को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने बहुत ही अच्छा किया कि इसने शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया, लेकिन कोर्ट को इस पर भी विचार करना चाहिए कि आटे के साथ घुन तो नहीं पिस गया, अर्थात जो लोग मेहनत से भर्ती हुए होंगे, उन्हें इंसाफ कैसे मिलेगा? शिक्षा के क्षेत्र में भर्ती घोटाले देश के लिए हानिकारक हैं।

*– मानक बैनर्जी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# पश्चिमी मीडिया भारत की प्रगति नहीं देख पा रही

अमेरिका के सैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षविद डॉ.अनुराग मैराल ने गत 10 साल को भारत की उल्लेखनीय प्रगति वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम मीडिया भारत की प्रगति को समझ नहीं पा रही है और उससे दूर बैठकर अलग कहानी लिख रही है जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। स्टैंडफोर्ड विश्वविद्यालय के स्टैंडफोर्ड बेयर्स सेंटर फॉर डिजाइन में वैश्विक संपर्क कार्यक्रम के निदेशक और औषधि विभाग के प्रोफेसर डॉ.मैराल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'अगर आप वास्तविक स्थिति जानना चाहते हैं तो जमीन पर जाकर काम करें।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत जैसे जटिल देश के लिए दूर से रिपोर्टिंग करना ऐसी कहानियां लिखने का एक नुस्खा है जो आपको विश्वसनीयता प्रदान नहीं करती हैं।' मैराल भारतीय चुनावों, लोकतंत्र की स्थिति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर पश्चिमी मीडिया में विशेष रूप से अमेरिका में हाल में प्रकाशित नकारात्मक लेखों की श्रृंखला को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अधिकांश प्रमुख वैश्विक मीडिया की जो रिपोर्ट सामने आ रही हैं, वे उन्हें कुछ मायनों में कम विश्वसनीय और हास्यास्पद बनाती हैं।



## ऑफ बीट

# हमेशा बने रहने वाले रसायन के बढ़े खतरे

एक ऐतिहासिक कानूनी समझौते ने एक बार फिर हमारा ध्यान 'हमेशा बने रहने वाले रसायनों' के खतरों पर केंद्रित कर दिया है। रसायनों का यह वर्ग, जिसे तकनीकी रूप से पर-एंड पॉलीफ्लोरोएल्किल पदार्थ या पीएफएएस के रूप में जाना जाता है, का व्यापक रूप से नॉनस्टिक या जलरोधक उत्पाद बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। समस्या यह है कि यह रसायन पर्यावरण में आसानी से घूमते हैं, भूजल और नदियों को प्रदूषित करते हैं, अक्सर कैंसरकारी होते हैं – और वे नष्ट नहीं होते हैं। इस महीने, इन रसायनों के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक, 3एम ने पीएफएएस-दूषित जलमार्गों को साफ करने के लिए 16 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर देने की पेशकश की थी, जिसे अमेरिकी अदालत ने मंजूरी दे दी थी। यह पूरे अमेरिका भर में पीएफएएस मुकदमों की श्रृंखला में नवीनतम है। हालाँकि बढ़ा हुआ ध्यान स्वागतयोग्य है, लेकिन सफलता की कोई गारंटी नहीं है। अकेले अमेरिकी राज्य, मिनेसोटा में अपशिष्ट जल धाराओं से पीएफएएस को हटाने और नष्ट करने पर 20 वर्षों में कम से कम 21 अरब डॉलर की लागत आएगी। विश्व स्तर पर, रासायनिक सुरक्षा गैर-लाभकारी संस्था केमसेक की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि अकेले पीएफएएस उपचार की लागत लगभग 26 खरब डॉलर प्रति वर्ष है।



## ट्रेंड

### स्वास्थ्य निवेश है लागत नहीं



स्वास्थ्य एक निवेश है, लागत नहीं। यही कारण है कि स्वास्थ्य और वित्त मंत्रियों को अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए, और देश के विकास और समृद्धि के लिए स्वास्थ्य को नींव के रूप में उपयोग करना चाहिए।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### ट्रंप ने सीखा



डोनाल्ड ट्रंप ने सीखा कि अमीर बनने का सबसे अच्छा तरीका विरासत में प्राप्त करना है। जब मैं अर्थव्यवस्था को देखता हूं, तो मैं इसे मार-ए-लागो की नजर से नहीं देखता। मैं इसे स्क्रैंटन की आंखों से देखता हूं।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### जीवन मन के लिए नहीं



आपके भीतर का जीवन आपके शरीर, मन या भावना की सेवा के लिए नहीं है। शरीर, मन और भावनाएं जीवन की सेवा के लिए हैं। हर चीज़ को वैसे ही देखना जैसे वह है, आपको जीवन में सहजता से चलने की शक्ति और क्षमता प्रदान करता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### आपका दिमाग एक चुंबक



आपका दिमाग एक चुंबक है। अपने आशीर्वाद पर ध्यान केंद्रित करें और वे आएंगे, अपनी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करें और वे दस्तक देंगे। हमेशा अच्छे विचार और सकारात्मकता विकसित करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, बुधवार 1 मई 2024 | बैशाख कृष्ण पक्ष अष्टमी | वर्ष : 22, अंक : 283 | पृष्ठ : 12+10 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी








## रिजर्व खिलाड़ी

- शुभमन गिल
- रिंकू सिंह
- खलील अहमद
- आवेश खान

### पांच जून को भारत का पहला मैच

विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो जून से शुरू होगा। भारत को पांच जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड से पहला मैच खेलना है।

# टी20 विश्व कप के लिए सैमसन, चहल भारतीय टीम में, रिजर्व में गिल और रिंकू

**भारतीय टीम का ऐलान** | रोहित संभालेंगे कमान, पांड्या होंगे उपकप्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया खेलती दिखेगी। वहीं, हार्दिक पांड्या उपकप्तानी करते दिखेंगे। टीम में दो विकेटकीपर शामिल किए गए हैं। इनमें ऋषभ पंत और संजू सैमसन शामिल हैं। वहीं, केएल राहुल को टीम से बाहर कर दिया है। राहुल पिछले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के हिस्सा थे।

संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल को आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह ▶▶|शेष पेज 2 पर

### गेंदबाजी में ये दिखाएंगे दम

भारत को बीच के ओवरों में विकेटों की जरूरत होगी और ऐसे में 'कुल चा' (कुलदीप और चहल) को फिर से एक साथ गेंदबाजी करते देखना सुखद होगा। चहल ने रॉयल्स के लिये आईपीएल में 13 विकेट लिये हैं। रवि बिश्नोई भी दौड़ में थे लेकिन चहल को तरजीह दी गई। स्पिन हरफनमौला रविंद्र जडेजा टीम में है जिनके बैकअप के तौर पर अक्षर पटेल होंगे। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना गया है जो आईपीएल में फॉर्म में नहीं है। आवेश खान और खलील अहमद रिजर्व हैं।

### इसलिए चुने गए पंत और सैमसन

विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में भारत के पास कई विकल्प थे, जिनमें से ऋषभ पंत और संजू सैमसन को चुना गया। पंत ने दिसंबर 2022 के भयावह कार हादसे के बाद वापसी करते हुए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। अब देखना यह है कि टीम प्रबंधन सैमसन का इस्तेमाल कैसे करता है जो रॉयल्स के लिये शीर्षक्रम में खेलते हैं।


### टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम

- रोहित शर्मा (कप्तान)
- हार्दिक पंड्या
- यशस्वी जायसवाल
- विराट कोहली
- सूर्यकुमार यादव
- ऋषभ पंत
- संजू सैमसन
- शिवम दुबे
- रविंद्र जडेजा
- अक्षर पटेल
- कुलदीप यादव
- युजवेंद्र चहल
- अर्शदीप सिंह
- जसप्रीत बुमराह
- मोहम्मद सिराज

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दक्षिण एशिया में सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश




**नई दिल्ली।** इस साल दक्षिण पश्चिम मानसून के मौसम में दक्षिण एशिया के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान है। साउथ एशियन क्लाइमेट आउटलुक फोरम ने जानकारी दी। यह पूर्वानुमान अगस्त-सितंबर तक अनुकूल ला नीना स्थितियों के कारण भारत में अधिक बारिश की भविष्यवाणी के अनुरूप है।

### हवाई अड्डे से 75 लाख की नकदी जब्त



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों ने सामान की जांच के दौरान दो व्यक्तियों से 75 लाख रुपए की नकदी बरामद की। पिछले दो दिन में दो यात्रियों के ट्रॉली बैग से यह नकदी बरामद की गई है। एक यात्री चेन्नई से और दूसरा नयी दिल्ली से आ रहा था।

### अमोनिया गैस रिसने से हड़कंप 250 परिवारों का रेस्क्यू



**कोयंबटूर।** कोयंबटूबर में करमादाई के पास चेन्निवीरमपलयम गांव में आलू के चिप्स बनाने वाली एक बंद पड़ी फैक्टरी से अमोनिया गैस का रिसाव होने से हड़कंप मच गया। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आस-पास के इलाके से 250 परिवारों को निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

### जीप पर ट्रक पलटने से छह की मौत, तीन घायल



**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले के घोघा थाना अंतर्गत आमापुर गांव के समीप सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार ट्रक के अनियंत्रित होकर एक जीप पर पलट जाने से जीप में सवार छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य व्यक्ति घायल हो गए।

### आनंदप्राण माताजी का निधन



**कोलकाता।** श्री शारदा मठ और रामकृष्ण शारदा मिशन की अध्यक्ष प्रव्राजिका आंनदप्राण का मंगलवार को 98 साल की उम्र में यहां निधन हो गया। वह उम्र संबंधी बीमारियों से ग्रस्त थीं और कुछ दिन पहले ही उन्हें मिशन द्वारा संचालित रामकृष्ण सेवा प्रतिष्ठान अस्पताल से छुट्टी दी गई थी। शारदा मठ मुख्यालय में ही उपचार चल रहा था।

चांपा की जन आशीर्वाद सभा में गरजे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन

# खड़गे बोले- भाजपा ने तोड़ने और कांग्रेस ने किया जोड़ने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चांपा के भालेराय खेल मैदान में आयोजित जन आशीर्वाद सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केंद्र में यदि उनकी सरकार बनती है तो किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएगा। एमएसपी का कानून भी लाया जाएगा। जबकि भाजपा के प्रधानमंत्री को केवल अपने उद्योगपति मित्रों के हित संरक्षण की चिंता है और वे सबका साथ नहीं सबका विनाश की नीति पर चल रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र में जब यूपीए की सरकार रही तो खाद्य सुरक्षा कानून, मनरेगा, आरटीई जैसे कानून बनाकर किसान, मजदूर व गरीब वर्ग के हितों की रक्षा की गई है। वहीं भाजपा ने अपनी नीतियों एवं योजनाओं से हर वर्ग का हक छीनने का काम किया है। कांग्रेस ने देश को आजाद कराकर संविधान बनाकर हर वर्ग को मजबूत बनाने का काम किया है। श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जो कहते हैं वह करते नहीं। आज केन्द्र सरकार के कार्यों से देश में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी बढ़ी है। देश पर कर्जा बढ़ा है। भाजपा ने ही महिलाओं का मंगल सूत्र छीनने का काम किया है। श्री खड़गे ने ▶▶|शेष पेज 2 पर




*जन आशीर्वाद सभा में मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि भाजपा ने देश को तोड़ने का काम किया है, जबकि कांग्रेस जोड़ने का काम करती है। लोकसभा का यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है।*

- कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर जमकर साधा निशाना
- केंद्र में रहे यूपीए सरकार की उपलब्धियां बताई



### मंगलसूत्र वाले बयान पर पीएम को घेरा

भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर निशाना साधते हुए खड़गे ने मंगलसूत्र वाले बयान को लेकर भी प्रधानमंत्री पर हमला बोला। उन्होंने कहा, हमने 55 साल तक देश पर शासन किया लेकिन क्या हमने किसी का मंगलसूत्र छीना या लोगों को सलाखों के पीछे डालने के लिए ईडी, आयकर विभाग का दुरुपयोग किया? कहा, भाजपा ने 'विकास' नहीं, बल्कि 'सत्यानाश' किया है और अगर ऐसा प्रधानमंत्री पांच साल और रहेगा तो देश बर्बाद हो जाएगा।

### जनहितकारी योजनाओं को बंद कर रही सरकार: भूपेश

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम स्थल से रवाना होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित किया। भूपेश बघेल ने अपने छत्तीसगढ़िया अंदाज में भाषण देकर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया। भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की चुटकी ली। भूपेश ने पूर्व के कांग्रेस सरकार की नरवा, गरुआ, घुरुआ, बारी योजना को सांय सांय बंद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय की सरकार पुरानी जन हितकारी योजनाओं को लगातार बंद करती जा रही है।

# भाजपा-कांग्रेस ने अब कोरबा में झोंकी ताकत

## आज शाह, कल प्रियंका की सभा



- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 4 को सूरजपुर में आमसभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में कोरबा की सीट भी बड़ी हाई प्रोफाइल है। इस सीट के लिए भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की कोरबा लोकसभा के कटघोरा में बुधवार को सुबह 11 बजे सभा होगी। इसके अगले दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की भी सभा कोरबा लोकसभा के चिरमिरी में 12.30 बजे होगी। तीसरे और अंतिम चरण के चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा सरगुजा लोकसभा के सूरजपुर में होगी।

प्रदेश में लोकसभा के अंतिम चरण में सात लोकसभाओं में सात मई को मतदान होना है। इसके लिए चुनाव प्रचार पांच मई को थम जाएगा। इसके पहले भाजपा और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं होंगी। कोरबा की सीट भी दोनों दलों के लिए प्रतिष्ठा वाली है। इस सीट से वर्तमान ▶▶|शेष पेज 2 पर


### शाह की सभा कटघोरा में

केंद्रीय मंत्री अमित शाह की कटघोरा में बुधवार को 11 बजे सभा होगी। श्री शाह रायपुर आकर हेलीकॉप्टर से कटघोरा जाएंगे। सभा में डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन, केदार कश्यप, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल सहित बिलासपुर संभाग के सभी विधायक, प्रदेश संगठन के ▶▶|शेष पेज 2 पर

### प्रियंका की चिरमिरी में सभा

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की चिरमिरी में गुरुवार को सभा होगी। विशेष विमान से बिलासपुर आकर वह हेलीकॉप्टर से चिरमिरी जाएगीं। सभा 12.30 से 1.30 बजे तक होगी। सभा में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत के साथ कई कांग्रेसी नेता रहेंगे।

# जग्गी हत्याकांड के मुख्य आरोपी याह्या ढेबर सहित पांच ने किया सरेंडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड के फरार मुख्य आरोपी याह्या ढेबर ने मंगलवार को कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर दिया। ढेबर के साथ अन्य चार आरोपी सूर्यकांत तिवारी, पुलिस अधिकारी आरसी त्रिवेदी, अमृत सिंह गिल और वीके पांडे ने भी सरेंडर किया है। सभी आरोपियों ने विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी की कोर्ट में सरेंडर किया। इस मामले में हाईकोर्ट ने पहले ही दोषियों को उम्रकैद की सजा को बरकरार रखते हुए सभी दोषियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

- सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्ट पहले ही जारी कर चुका है गिरफ्तारी वारंट

### शूटर चिमन और विनोद पहले कर चुके हैं सरेंडर

इस मर्डर केस में शूटर चिमन सिंह और विनोद राठौड़ ने 15 अप्रैल को विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में सरेंडर किया था। विदित हो कि इस केस में 4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जग्गी हत्याकांड के 27 दोषियों की अपील खारिज करते हुए लोअर कोर्ट के आजीवन कारावास के फैसले को बरकरार रखा था।

### जून 2003 में दिया गया था वारदात को अंजाम

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद कांग्रेस के शासन काल में 4 जून 2003 को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने 3 सप्ताह की दी थी मोहलत

एनसीपी नेता रामावतार जग्गी मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने फरार दोषियों में याह्या ढेबर, तत्कालीन क्राइम ब्रांच के प्रभारी रहे आरसी त्रिवेदी, तत्कालीन मौदहापारा थाना प्रभारी वीके पांडे, सीएसपी कोतवाली अमरीक सिंह गिल और सूर्यकांत तिवारी को सरेंडर करने के लिए तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया था। आरोपियों ने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट से मोहलत मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट से मिली मोहलत के दौरान ढेबर सहित उसके साथियों ने कोर्ट में सरेंडर किया है। सरेंडर के बाद पुलिस सभी आरोपियों का मेडिकल जांच कराने अस्पताल ले गई, जिसके बाद सभी को रायपुर सेंट्रल जेल ले गई।

# बारिश-भूस्खलन से तीन की मौत...



» जम्मू के विभिन्न इलाकों में आपदा

» उफनते नालों में दो बह गए

### कई मकान क्षतिग्रस्त

पिछले कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर के बड़े हिस्से में भारी बारिश हो रही है, जिससे कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और जलाशयों का जल स्तर बढ़ गया है। इससे पहले किश्तवाड़ और रामबन जिलों में कम से कम दो दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। पुंछ जिले में चार स्कूली बच्चों और दो महिलाओं को स्थानीय लोगों ने सोमवार शाम को मेंढर क्षेत्र के कलार मोडा ओडा गांव में तब बचाया जब वे एक नाले को पार करते समय अचानक उसके उफना जाने से फंस गए थे।



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन और बनिहाल के बीच भारी बारिश और भूस्खलन की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई और उफनते नालों में दो अन्य लोग बह गए। मोहम्मद शफी (65) और मुमीरा बानो (17) सोमवार को रियासी में देवल और डुंगा नाले को पार करते समय दुर्घटनावश उनमें गिर गए। शफी का शव बरामद कर लिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से किया सवाल, जवाब मांगा

# चुनाव से पहले केजरीवाल को क्यों किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आम चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय से सवाल किया और जांच एजेंसी से इसका जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान ईडी से जवाब मांगा है कि केजरीवाल को चुनाव से पहले क्यों ▶▶|शेष पेज 2 पर

### इधर, सिसोदिया को फिर झटका

आप नेता मनीष सिसोदिया को अदालत से एक बार फिर झटका लगा है। दिल्ली कोर्ट ने शराब नीति घोटाले के मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह दूसरी बार है जब उनकी जमानत याचिका खारिज की गई है। इससे पहले, निचली अदालत, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इंकार कर दिया था। वहीं राउज एवेन्यू कोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए मनीष सिसोदिया अब हाईकोर्ट का रुख करेंगे।

कांग्रेस का एक नेता और आप का पदाधिकारी गिरफ्तार

# शाह का फेक वीडियो, लपेटे में 8 राज्यों के 16 नेता!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित आठ राज्यों के 16 नेताओं को तलब किया है। मामले की जांच के तहत पुलिस राजस्थान, झारखंड, नागालैंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में गई है। गुजरात पुलिस ने शाह का 'फर्जी वीडियो' साझा करने के आरोप में कांग्रेस के एक नेता और आम आदमी पार्टी के एक पदाधिकारी को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान बनासकांठा के पालनपुर निवासी सतीश वंसोला और दाहोद जिले के लिमखेड़ा शहर से राकेश बारिया के रूप में हुई है।

### गृह मंत्रालय ने क्या कुछ कहा?

गृह मंत्रालय ने कहा कि लगता है कि वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। इसमें समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने के इरादे से भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। इससे शांति और व्यवस्था पर असर पड़ने की संभावना है। मंत्रालय ने आगे यह अनुरोध किया है कि कृपया कानून के प्रावधानों के अनुसार जरूरी कार्रवाई करें। शिकायत के साथ रिपोर्ट संलग्न है, जिसमें उन लिंक और हैंडल का ब्योरा है, जिनसे गृह मंत्री के छेड़छाड़ किए गए वीडियो शेयर किए जा रहे हैं।




### वीडियो में यह हुई थी छेड़छाड़

सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया, जिसमें कथित तौर पर गृह मंत्री अमित शाह को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण प्रावधानों को रद्द करने के भाजपा के इरादे का संकेत देते हुए दिखाया गया है।

### दिल्ली पुलिस दर्ज कर चुकी है एफआईआर

दिल्ली पुलिस ने भाजपा और गृह मंत्रालय की शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल साइबर विंग की आईएफएसओ यूनिट ने भी एफआईआर दर्ज की। आईएएनएस के पास उपलब्ध एफआईआर की प्रति के अनुसार गृह मंत्रालय ने शिकायत में कहा कि यह पाया गया है कि कुछ छेड़छाड़ किए गए वीडियो फेसबुक और ट्विटर पर प्रसारित किए जा रहे हैं।

## जैकेट के शेष

### कला संकाय के ....

छात्र जो बीवॉक अथवा डीवॉक कर चुके हैं, उन्हें भी इंजीनियरिंग में दाखिला मिल जाएगा।

### कई विषयों में ....

जेमोलॉजी जैसे विषय भी बीवॉक के अंतर्गत पढ़ाए जाते हैं। राजपत्र में जारी अधिसूचना में कहा गया है कि मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विवि से उसी अथवा संबंधित सेक्टर के बीवॉक व डीवॉक के छात्र द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री के लिए पात्र होंगे। हायरसेकंडरी कक्षाओं में छात्रों द्वारा चुने गए विषय का जिक्र नहीं किया गया है।

### नारायणपुर में पहली .....

क्षेत्रान्तर्गत टेकमेटा-काकुर के जंगलों में 30 अप्रैल को प्रातः लगभग 06:00 बजे से सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, तत्पश्चात लगातार 10:00 बजे तक रूक-रूककर अनेकों बार माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। 30 अप्रैल के सायंकाल तक की गई सर्चिंग में 03 महिला माओवादी सहित कुल 10 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से बरामद किये गये माओवादियों के शवों के शिनाख्तगी कार्यवाही की जा रही है। प्राथमिक तौर पर मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों में से गढ़चिरौली डीवीसी सदस्यगण- जोगन्ना एवम विनय उर्फ अशोक के रूप में हुई है, जिसकी तस्दीकी की जा रही है।

### नक्सलियों को नहीं ....

माओवादी हैं। सभी वर्दीधारी हैं। बड़े नक्सलियों की उपस्थिति का इनपुट होने के कारण डीआरजी व एसटीएफ को दो दिन पहले नारायणपुर जिले से रवाना किया गया था।

### सीएम साय बोले-....

लिए जवानों को बधाई। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ते रहेंगे।

### डिप्टी सीएम शर्मा .....

इस सफलता के लिए सुरक्षाबलों को बधाई दी है। उन्होंने नक्सलियों से भी कहा है कि वे समर्पण कर मुख्यधारा में लौटें, सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। शर्मा ने कहा है, मैं नक्सलियों से और भटक चुके लोगों से एक बार फिर आग्रह करता हूं कि विष्णु देव जी की सरकार बातचीत के माध्यम से इस मसले का हल चाहती है।

### इधर, 8 और 5 लाख ....

एलओएस कमांडर एसीएम रमेश उर्फ मुन्ना हेमला (42), स्कूलपारा फुलादी थाना जांगला, डुमरीपालनार आरपीसी कमांडर सुदरु पुनेम पिता सन्नू पुनेम (30), पदम पारा डुमरीपालनार थाना मिरतुर, डुमरीपालनार आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष पायकी कारम पिता स्व. लक्खू कारम (35) निवासी डुमरीपालनार थाना मिरतुर, मद्देड़ एरिया कमेटी अंतर्गत एलजीएस सदस्य प्रमोद ताती उर्फ छोटू पिता स्व. बुधु ताती (25) निवासी तुंगलवाया पालनार थाना गंगालूर, पालनार आरपीसी मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर पाकलु हेमला उर्फ परवेश पिता सन्नू (32), निवासी तुंगलवायापार पालनार थाना गांगलूर, पालनार आरपीसी जन मिलिशिया सदस्य लक्ष्मण उरसा उर्फ मंगू उरसा (27), निवासी पटेलपारा पालनार थाना गंगालूर। पालनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य आयतु पुनेम उर्फ वरगेश पिता टोकडा पुनेम (39), निवासी मंजारी पारा पालनार थाना गंगालूर, पालनार आरपीसी अंतर्गत डॉक्टर टीम का सदस्य बुधराम पोटाम पिता सन्नू पोटाम (29), निवासी पटेलपारा पालनार थाना गंगालूर, पालनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य बुधु ताती उर्फ गड्डा पिता कोंदा ताती (50), निवासी पालनार थाना गंगालूर, पालनार भीमकल मिलिशिया सदस्य लक्खू ताती पिता पाण्डु ताती (48) निवासी गुण्डा पारा पालनार थाना गंगालूर, जनताना सरकार सदस्य विद्या संस्कृति शाखा अध्यक्ष पादिया कारम पिता स्व. सुकलु कारम (42), निवासी डुमरीपालनार थाना मिरतुर, मद्देड़ एरिया कमेटी पीएलजीए सदस्य रमेश पुनेम पिता आयतु पुनेम (23), निवासी डुमरीपालनार थाना मिरतुर, पालनार आरपीसी अध्यक्ष सुखराम हेमला उर्फ रामलु पिता मंगू हेमला (38), निवासी तुंगलवाया पारा पालनार थाना गंगालूर। पालनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य सुक्कू लेकाम उर्फ मांझी पिता छन्नू लेकाम (49), निवासी पटेलपारा पालनार थाना गंगालूर व जनताना सरकार सदस्य सांस्कृतिक शाखा अध्यक्ष सुक्कू ताती पिता पाण्डु ताती (35), निवासी तुंगलवाया पारा पालनार थाना गंगालूर ने नक्सलियों की खोखली विचारधारा व शासन आत्मसमर्पण व पुर्नवास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण कर दिया। **इतना इनाम था घोषितः** आत्मसमर्पित नक्सलियों में अरुण कडती पर 8 लाख का, रमेश उर्फ मुन्ना हेमला पर 5 लाख का, सूदरु पुनेम, पायकी कारम व प्रमोद ताती पर 1-1-1 लाख का इनाम घोषित है। सभी नक्सली कई घटनाओं में शामिल रहे है। जिनमें सुकमा का टेकलगुडम भी शामिल हैं। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को उत्साहवर्धन के लिए शासन की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के तहत 25 -25 हजार रुपए नगद प्रोत्साहन राशि दी गई।

### जीपी को बड़ी राहत .....

थी। इसके बाद उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज करने के अलावा राजद्रोह का केस भी दर्ज किया था। इसके तुरंत बाद दुर्ग में उनके खिलाफ ब्लैकमेलिंग का केस भी दर्ज किया गया था। राज्य सरकार ने जीपी सिंह के खिलाफ केंद्र को अनिवार्य सेवा निवृत्ति देने का प्रस्ताव भी भेजा था। जिस पर केंद्र सरकार ने मुहर भी लगा दी थी। इसके बाद जीपी सिंह को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देकर बर्खास्त कर दिया गया था। **पिता को भी फंसाने की हुई थी कोशिशः** जीपी सिंह ने कोर्ट और कैट में दलील दी कि तत्कालीन ईओडब्ल्यू और एसीबी चीफ आरिफ शेख ने किस प्रकार से उन पर शिकंजा कसने के लिए फैब्रिकेटेड मामले दर्ज कराए। यहां तक कि उनके पिता को फसाने के लिए उड़ीसा के एक फर्म को भी धमकी दी कि कंपनी यह बताए कि यह कंपनी जीपी सिंह के पैसे से चल रही है। कई लोगों को दबाव डालकर उनके खिलाफ गवाही देने के लिए तैयार किया गया। लेकिन कैट के निर्णय के बाद स्पष्ट हो गया है कि उनके खिलाफ दुर्भावना के तहत मामले दर्ज किए गए थे।

### कांग्रेस सरकार में दर्ज हुए ....

राष्ट्रपति का गैलंट्री मेडल भी मिला है। आतंकवादी संगठन सिमी से संबंधित मामले हो या इंडियन मुजाहिद्दीन के आतंकियों को पकड़ने मामलों में तमाम आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी है। कांग्रेस सरकार बनने के बाद ही जीपी सिंह एडीजी के पद पर पदोन्नत हुए थे। जीपी सिंह के 25 वर्ष के सेवाकाल में उनके सर्विस रिकार्ड में कई उपलब्धियां रही है। अचानक कांग्रेस सरकार में उनके खिलाफ कार्रवाईयां शुरू हुईं। एक के बाद एक कई मामले दर्ज किए गए। वे गिरफ्तार हुए और कई महीने जेल में भी बिताने पड़े। इस दरमियान उनके परिवार को भी कई त्रासदियों का सामना करना पड़ा।

### ये मामले थे ...

जैसी गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध है। इन सभी मामलों को भी जीपी सिंह ने कैट के समक्ष रखा। दलीलें सुनने के बाद कैट की मुख्य प्रधान बेंच के जज ने अपना फैसला सुनाया।

### बस के इंतजार में ....

अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिलई निवासी पुनाराम सिन्हा अपने परिवार के साथ गांव जाने के लिए ग्राम तिलई के सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान खैरागढ़ की ओर से आ रही एक ट्रक ने पहले एक मवेशी को ठोकर मारा। इसके बाद पुनाराम सिन्हा 65 वर्ष, पत्नी गनेशियाबाई 60 वर्ष, पुत्री तिजबती 35 वर्ष एवं नतनीन पल्लवी सिन्हा उम्र लगभग 14 वर्ष को ठोकर मार दिया। ठोकर इतनी जबर्दस्त थी कि चारों की मौके पर मौत हो गई। बताया गया कि घटना में मवेशी की भी मौत हुई है।

### आलू से भरी गाड़ी ...

ली। यह गाड़ी रायपुर से ओडिशा की ओर जा रही थी। इस गाड़ी से पुलिस ने आलू की बारियों के बीच छिपाकर रखा 50 लाख रुपये कैश से भरा एक कार्टून बरामद किया।

एएसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महासमुंद तिराहे के पास एसएसटी व फ्लाइंग स्क्वाड की टीम चेक पोस्ट में दूसरे जिले से आने और जाने वाली गाड़ियों की सतत निगरानी कर जांच कर रही है। इस दौरान सोमवार देर रात पुलिस ने रायपुर से ओडिशा जा रही पिकअप ओडी02सीएफ5591 को रुकवा कर उसकी तलाशी ली। इस तलाशी में आलू की बोरियों के बीच एक कार्टून मिला, जिसे खोलते ही पुलिस के भी होश उड़ गए। कार्टून में 50 लाख रुपये कैश मिले। पुलिस ने कैश रुपयों को लेकर जब वाहन के ड्राइवर प्रताप प्रधान निवासी ढेकानाल ओडिशा से पूछताछ की, तो उसने रुपयों के बारे में कुछ भी जानने से इनकार कर दिया। रुपयों के वैध दस्तावेज नहीं दिखाए जाने पर पुलिस ने 102 सीआरपीसी के तहत कैश जब्त कर इसकी सूचना इंकम टैक्स विभाग को दी है।

### आलू का व्यापारी ...

वह आलू ओडिशा में खपा कर वहां से काजू की खरीदी कर दुर्ग और रायपुर में खपाता है।

### कांग्रेस के पक्ष में ....

थी। राज्य शासन द्वारा दुर्ग के कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी को इस मामले में जांच के निर्देश दिए गए थे। जिले स्तर में गठित जांच टीम द्वारा कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपने के बाद कलेक्टर ने सीईओ को हटाने की अनुशंसा की थी। राज्य शासन ने 30 अप्रैल को इस मामले में एक्शन लेते हुए सीईओ को तत्काल पद से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ श्री जोशी के खिलाफ जिले के धान समितियों के प्रबंधकों से 25-25 हजार लिए जाने की भी जांच हो रही है। वहीं दूसरा मामला अहिवारा विधानसभा से चुनाव लड़ने टिकट की पेशकश भी की थी। **चुनाव कार्य से किया गया अलगः** जानकारी अनुसार सुरेंद्र कुमार जोशी को वर्तमान निर्वाचन अवधि तक के लिए किसी भी प्रकार के चुनाव कार्य से पृथक कर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। कलेक्टर ने सहकारिता सचिव सीआर प्रसन्ना की जांच रिपोर्ट भेजकर सुरेंद्र कुमार जोशी को दुर्ग जिले से अन्यत्र स्थानांतरित करते हुए आवश्यक कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा की है।

### जांच में यह तथ्य .....

अहिवारा दुर्ग को अपनी व्यक्तिगत जानकारी एक आवेदन के माध्यम से देकर संकल्प लिया था कि वह कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनाने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे, जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम का सीधा उल्लंघन है। सूत्रों की माने तो सीईओ ने भी अहिवारा से चुनाव लड़ने टिकट मांगी थी। जांच में यह बात सही पाए जाने के बाद रिपोर्ट में कहा गया है कि, ऐसे अधिकारी को महत्वपूर्ण पद पर रखना कदाचित उचित नहीं है। उल्लेखनीय है कि, इस शिकायत के संबंध में जांच के लिए बीते 4 अप्रैल को दुर्ग कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया था।

## श्रीलंका के समुद्री डाकुओं ने भारतीय मछुआरों पर बीच समुद्र में बोला हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



श्रीलंका के समुद्री डाकुओं ने तमिलनाडु के नागापट्टिनम के मछुआरों के समूह पर बीच समुद्र में हमला बोला है। डाकुओं ने इस दौरान मछुआरों के साथ जमकर लूटपाट भी की। हमले में एक मछुआरा घायल हो गया, जिसकी पहचान मुरुगन के रूप में हुई है। आनन-फानन उसे नागपट्टिनम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी आईएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला नागापट्टिनम तट से 15 समुद्री मील दूर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास भारतीय समुद्री सीमा में हुआ।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग** कार्या. -225059
**राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव** निवास -226389

सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मण्डल राजनांदगांव के अंतर्गत डोंगरगढ़ अछोली डिपो में उपलब्ध ईमारती / जलाऊ काष्ठ का निम्नानुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक क्रेताओं से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से अथवा नीलाम के समय दी जा सकती है।

**काष्ठगार का नाम – अछोली, नीलाम दिनांक – 16.05.2024 प्रातः 9 बजे**
**नीलाम स्थल – डोंगरगढ़ अछोली काष्ठागार**

| क्रं. | प्रजाति | नये वनोपज | | | पुराने वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | सागौन | 94.555 | 141 | 648 | 105.825 | 509 | 829 | 200.380 | 650 | 1477 |
| 2 | साल | - | - | - | 1.353 | - | - | 1.353 | - | - |
| 3 | बीजा | 17.877 | 635 | 183 | 144.111 | - | - | 161.988 | 635 | 183 |
| 4 | तिंसा | - | 297 | 90 | - | - | - | - | 297 | 96 |
| 5 | साजा | 5.259 | 412 | 211 | 23.296 | - | - | 28.555 | 412 | 211 |
| 6 | ह.मु.ख. | 0.546 | 113 | 17 | 0.607 | 38 | - | 1.153 | 151 | 17 |
| 7 | सालिहा, मोदे | - | - | - | 0.543 | - | - | 0.543 | - | - |
| 8 | धावड़ा | 4.691 | 237 | 271 | 3.227 | 91 | - | 7.918 | 328 | 271 |
| 9 | कसही | - | - | - | 61.620 | - | - | 61.620 | - | - |
| 11 | अन्य | 5.325 | 390 | 341 | 21.625 | - | - | 26.950 | 390 | 341 |
| | **योग** | **128.253** | **2225** | **1767** | **362.207** | **638** | **829** | **490.460** | **2863** | **2596** |

| | |
|---|---|
| 1 | बम्लेश्वरी डिपो का औद्योगिक बांस मिक्स साईज 1559.000 नो. टन नया |
| 2 | बम्लेश्वरी डिपो का औद्योगिक बांस मिक्स साईज 1.091 नो. टन पुराना |
| 3 | अछोली डिपो का मिश्रित जलाऊ 793 चट्टा पुराना |

1. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1000 /- रूपये इसमें जो भी अधिक हो जमा करना अनिवार्य है ।
2. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व चालू वर्ष का विनिर्माता / उपभोक्ता / व्यापारिक पंजीयन प्रमाण पत्र, GST कर एवं आयकर पेन कार्ड की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तत्पश्चात ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा ।
3. GST कर की राशि का भुगतान पृथक से "वन मंडल अधिकारी, राजनांदगांव" के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो राजनांदगांव में देय हो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा ।
4. ई. एम. डी. में राष्ट्रीयकृत बैंकों के मल्टीसिटी चेक ऐसे समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक जो कि संबंधित वनमण्डलाधिकारी के मुख्यालय पर स्थित हो, से संबंधित वनमण्डलाधिकारी के नाम पर जारी होगा, स्वीकार किया जावेगा, अन्य बैंकों का नहीं ।

**वनमण्डलाधिकारी, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव**

G- 242500033/3


## पेज एक के शेष

### टी20 विश्व कप के...

मिली है लेकिन शुभमन गिल और रिंकू सिंह को रिजर्व में रखा गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सचिव जय शाह और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर की अहमदाबाद में बैठक के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम का ऐलान किया। रोहित और अगरकर बृहस्पतिवार को मुंबई में मीडिया से मुखातिब होंगे। हरफनमौला हार्दिक पंड्या को आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कप्तानी लेने के बाद से खराब फॉर्म के बावजूद उपकप्तान बनाया गया है।

### खड़गे बोले-भाजपा ने...

देश में संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस के हाथ का साथ देने की बात कहते हुए जन मानस से कहा कि विकास, रोजगार तथा हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए हाथ चिन्ह पर मतदान होना चाहिए, नहीं तो भाजपा की नीतियों से देश का गरीब कुचला जाएगा और किसानों का बर्बाद होना मुमकिन है। जनसभा को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, विधायक कविता प्राण लहरे, रामकुमार यादव, कांग्रेस नेता जनकराम वर्मा ने भी संबोधित करते हुए मोदी की गारंटी को पूरी तरह से फेल बताया। कार्यक्रम का संचालन नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने तथा आभार प्रदर्शन विधायक ब्यास कश्यप ने किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, कांग्रेस नेत्री फूलोदवी नेताम, प्रदेश कांग्रेस के सहप्रभारी विजय जांगिड़, कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिव डहरिया, विधायक ब्यास कश्यप, राघवेन्द्र सिंह, शेषराज हरवंश, रामकुमार यादव, संदीप साहू, कविता प्राण लहरे, जिला संगठन प्रभारी अर्जुन तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा आदि मंचस्थ रहे।

### भाजपा-कांग्रेस ने अब...

सांसद ज्योत्सना महंत को एक बार फिर से कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट से भाजपा ने पूर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को मैदान पर उतारा है।

### शाह की सभा ...

उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे। सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नहीं रहेंगे। उनकी अलग से लगातार विधानसभाओं में सभाएं चल रही हैं।

### चुनाव से पहले...

गिरफ्तार किया गया? कोर्ट के जनरल एसवी राजू से कई अन्य सवाल भी पूछे और जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने को कहा है। पीठ ने कहा, जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल भी पूछे। पीठ ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा जिसमें उन्होंने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है।









## राशिफल

**मेष** – मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** – व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** – लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** – कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी।

**तुला** – नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।


**धनु** – नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** – आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5498



**बाएँ से दाएं-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़,भिड़ंत-4
5. क्रोधित होना-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा,लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी,चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना,दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी,पुलाव-3
34. मां,आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब,किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश,जन्मभूमि-3
3. ढौंढी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड,आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक,कणिका-2
14. थोड़ा,जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित,रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट,अभिमत-2
28. धरोहर,थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि,रोकड़-3
31. संक्षिप्त,मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अद्भुत,तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -5497 का हल**



## सूडोकू बवाल - 5509

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू बवाल - 5508 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

### खरीदी पिछले विपणन वर्ष की तुलना में अधिक है

# गेहूं की सरकारी खरीद 11 प्रतिशत कम अब तक 196 लाख टन गेहूं खरीदा गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने चालू विपणन वर्ष 2024-25 में अब तक 196 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम समेत सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए इसकी सालाना जरूरत 186 लाख टन है।

■ कल्याणकारी योजनाओं के लिए 186 लाख टन की जरूरत

खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अब बफर स्टॉक बढ़ाने के लिए 2024-25 सत्र में 310-320 लाख टन गेहूं खरीद के अपने लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास कर रही है। जरूरत पड़ने पर खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए खुले बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए इस स्टॉक का इस्तेमाल किया जाएगा।



### कुछ राज्यों में उम्मीद से अधिक पैदावार

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुमानों के मुताबिक, गेहूं का उत्पादन फसल वर्ष 2023-24 में 1,120.19 लाख टन होगा, जबकि पिछले वर्ष में यह 1,105.54 लाख टन था। कुछ राज्यों में उम्मीद से अधिक पैदावार होने पर उत्पादन लगभग 1,150 लाख (115 मिलियन) टन तक भी पहुंच सकता है।

### 2275 रुपए के एमएसपी पर गेहूं की खरीदी

सूत्रों के मुताबिक, एफसीआई ने विभिन्न राज्यों के करीब 16 लाख किसानों से 2,275 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 45,000 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा है। पंजाब और हरियाणा में इस समय गेहूं की फसल की आवक अच्छी है। एफसीआई को पंजाब से 130 लाख टन और हरियाणा से 70 लाख टन की खरीद की उम्मीद है।

### पंजाब व हरियाणा में गेहूं की आवक अच्छी

इस बारे में पूछे जाने पर एफसीआई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक के मीणा ने कहा, 'हम अपनी अनुमानित खरीद लक्ष्य को हासिल करने की राह पर हैं क्योंकि पंजाब और हरियाणा में गेहूं की आवक बहुत अच्छी है।' उन्होंने कहा कि एफसीआई अकेले इन दोनों राज्यों से लगभग 200 लाख टन गेहूं की खरीद करेगा। हालांकि रबी सत्र की प्रमुख फसल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि के 219.5 लाख टन से अब तक 11 प्रतिशत कम हुई है। इसका मुख्य कारण मध्य प्रदेश और पंजाब में कम खरीद का होना है।

### मंडियों में फसल देर से आने की उम्मीद

सूत्रों ने कहा कि एफसीआई मई से पहले उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में खरीद अभियान तेज कर सकता है क्योंकि उसे यहां की मंडियों में फसलों के देर से आने की उम्मीद है। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए जरूरत पड़ने पर खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) लाने के लिए अतिरिक्त स्टॉक रखने के बारे में सोचा जा रहा है।

### मप्र में खरीद चिंता का विषय

एक सरकारी अधिकारी ने कहा, /"मध्य प्रदेश में खरीद चिंता का विषय है। लेकिन हमें उम्मीद है कि इसमें तेजी आएगी।/" मध्य प्रदेश में गेहूं खरीद कम होने के पीछे दाल की खेती को अपनाना, खेत पर ही कारोबारियों द्वारा खरीदारी और अच्छी राशि प्राप्ति के लिए अनाज अपने पास रखने जैसे कई कारक हो सकते हैं।

### चावल के मामले में आरामदायक स्थिति

चावल के मामले में एफसीआई अधिकारी ने कहा कि स्थिति बहुत आरामदायक है। एफसीआई को सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए 400 लाख टन चावल की वार्षिक जरूरत के मुकाबले विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) में 540 लाख टन की खरीद की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा, 'चावल के मामले में हमारे पास एक साल का अतिरिक्त स्टॉक है।'

## निफ्टी रिकॉर्ड स्तर से फिसला दबाव में बाजार ने गंवाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और बिजली क्षेत्र के शेयरों में अंतिम दौर की बिकवाली होने से बाजार ने अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और दोनों मानक सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स दो दिनों से तेजी का सिलसिला जारी नहीं रख पाया और 188.50 अंक गिरकर 74,482.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 440.11 अंक उछलानिफ्टी भी 38.55 अंक गिरकर 22,604.85 अंक पर बंद हुआ। दोपहर में निफ्टी 139.95 अंक की बढ़त के साथ 22,783.35 अंक के अपने रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर भी पहुंच गया था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'निफ्टी ने पूरे दिन में हासिल बढ़त कारोबार के आखिरी घंटे में गंवा दी।



## सोने में 150 रुपए की गिरावट चांदी 750 रुपए फिसली

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट आने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 150 रुपये की गिरावट के साथ 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमत भी 750 रुपये लुढ़ककर 83,750 रुपये प्रति किलो रह गयी। इससे पूर्व यह 84,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,320 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 13 डॉलर कम है।



भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय
INDIAN MARITIME UNIVERSITY
(A Central University under the Ministry of Ports, Shipping and Waterways, Govt. of India)
Established by an Act of the Parliament in 2008

IMU CET
REGISTRATIONS OPEN FOR AY 2024-25



Be a Part of the Growth Story of Maritime Sector of India!

IMU - CET DATE 08/06/2024
LAST DATE TO REGISTER FOR IMU - CET 05/05/2024

IMU OFFERS PROGRAMMES UNDER :
- Marine Engineering & Technology
- Maritime Management
- Naval Architecture & Ocean Engineering
- Nautical Science

- Women encouraged to join!!
- Transgenders eligible for Non-DGS programmes at select IMU Campuses

IMU-CET is mandatory for admissions to DGS approved programmes* in IMU Campuses / Affiliated Institutes of IMU / Non Affiliated Institutes (Details of Affiliated and Non Affiliated Institutes are available on IMU website)

* DGS approved programmes :
B.Tech. (Marine Engineering)
B.Sc. (Nautical Science)
Diploma in Nautical Science (DNS)

Last Date to Register for BBA Programmes 30/06/2024

To Register SCAN THE BELOW QR CODE
UG & PG Programmes (Except BBA) For Enquiries : cet24@imu.ac.in
BBA Programmes For Enquiries : bba24@imu.ac.in
Helpline No. : 044-24539027/28
For more information visit : www.imu.edu.in
@IMU Headquarters imu_headquaters @IMU_HQ

**बिजनेस साइट**

## एरीज एग्रो लिमिटेड ने मनाई 'एमरल्ड जुबली'



**मुंबई।** भारत की अग्रणी मल्टीनेशनल कृषि कंपनी एरीज एग्रो लिमिटेड ने नवी मुंबई के सिडको एक्जिबिशन सेंटर में अपनी 55वीं वर्षगाँठ 'एमरल्ड जुबली' मनाई। यह कार्यक्रम कंपनी के लिए बेहद खास अवसर रहा। जिसमें एरीज के सर्वश्रेष्ठ डिस्ट्रिब्यूटर्स, डीलर्स, बड़े किसानों, कृषि उद्यमियों, विदेशी और स्वदेशी सप्लायर्स और वनस्पति पोषण क्षेत्र के अन्य हिस्सेदारों समेत 1500 से अधिक अतिथि शामिल हुए। इस कार्यक्रम में एरीज का 55 वर्षों का इतिहास ही नहीं, बल्कि उसके भविष्य के प्रस्तावों को भी दिखाया गया। एक दर्जन से भी ज़्यादा प्रदर्शकों ने एरीज के आविष्कार और अगले कुछ वर्षों में आने वाले प्रॉडक्ट लॉन्चेज को प्रदर्शित किया। एमरल्ड जुबली में 130 से अधिक प्रॉडक्ट्स की बड़ी रेंज को विकसित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल की एरीज की पहल दिखाई गयी। यह ब्रांड पूरे भारत के लाखों किसानों को डाटा-आधारित और विशेष रूप से विकसित समाधान भी देता है।

### गुणवत्ता पर दिया ध्यान

एरीज एग्रो लिमिटेड के सेंट्रल रिजन के वाइस प्रेसिडेंट डीके तिवारी ने कहा कि कंपनी 1969 में अपनी शुरुआत से लेकर आज तक, एरीज भारतीय किसानों को अत्याधुनिक कृषि समाधान देते आई हैं। प्राइमरी, सेकंडरी और माइक्रो फर्टिलाइजर क्षेत्र में प्रॉडक्ट्स की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध कराने से लेकर 107 अलग-अलग फसलों की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने तक, एरीज ने अपने प्रॉडक्ट्स की गुणवत्ता पर पूरा ध्यान दिया है।

## आरएसपीएल वेलफेयर फाउंडेशन ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कानपुर

पर्यावरण की सुरक्षा और निरंतरता के महत्त्व को समझते हुए आरएसपीएल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक वर्ष भिन्न-भिन्न विषयों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय था - वृक्षारोपण। ताकि प्रकृति को हरा-भरा और साफ-सुथरा बनाया जा सके और इसके लिए गवर्नमेन्ट गर्ल्स कॉलेज, सेक्टर 52, गुरूग्राम को चुना गया। आरएसपीएल ग्रुप के अनेक कर्मचारियों तथा कॉलेज स्टाफ ने औषधीय पौधों वाले बोटनिकल गार्डन के उद्घाटन एवं वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। आरएसपीएल ग्रुप(घड़ी डिटर्जेन्ट) के अध्यक्ष सुशील बाजपेयी ने इस आयोजन में शामिल होकर उसकी भव्यता को बढ़ाया। इस अवसर पर बाजपेयी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि



आरएसपीएल ग्रुप अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति हमेशा एक कदम आगे रहा है और पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ग्रुप के द्वारा वृक्षारोपण किया जाता है।

## डॉ. मोहंती ने बैंक ऑफ बड़ौदा के रायपुर अंचल का कार्यभार संभाला



**रायपुर।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अग्रणी बैंक ऑफ बड़ौदा के रायपुर अंचल का कार्यभार डॉ. रमेश कुमार मोहंती, उप महाप्रबंधक (अनुपालन एवं सत्यापन) ने ग्रहण किया। वे बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पटना अंचल से स्थानांतरित होकर आए हैं। बैंक ऑफ़ बड़ौदा में वे छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों में कार्यरत रहे हैं और साथ ही बैंकिंग में उनका 31 वर्षों का कार्य अनुभव रहा है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा में अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने पश्चिम बंगाल, गुजरात, उड़ीसा, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न कार्यालयों में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं।

### गुमशुदा सूचना



मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती बिसनी बाई चेलक** (38 वर्ष) पति श्री शिवप्रसाद चेलक ग्राम भटगांव, थाना मुजगहन, जिला रायपुर (छ.ग.) जो कि दिनांक 08/04/2024 सुबह 8:45 को ढाबा कार्य करने निकली है जो आज तक वापस नहीं लौटी है। कद 5 फुट, रंग सांवली, दुबली-पतली, छत्तीसगढ़ी में बात करती है। जिस किसी भी सज्जन को दिखे या कोई जानकारी मिले तो इस नंबर या पते पर सूचित करें, उचित ईनाम दिया जावेगा।

**शिवप्रसाद चेलक**
**ग्राम-भटगांव (मुजगहन)**
**मो. 70895-15512, 91317-69778**

### आम सूचना

(ग्राम डंगनिया, प.ह.नं. 25, तह. व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 192/12, रकबा 0.033 हेक्टे. के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कौशलेन्द्र सिंह ठाकुर आत्मज स्व. श्री तोरण सिंह ठाकुर, निवासी- ग्राम- पिपरहट्टा जिला-रायपुर (छ.ग.) के हक एवं स्वामित्व की भूमि प्लाट नं. 46, खसरा नं. 192/12 रकबा 0.033 हेक्टे. अर्थात 3509 वर्गफुट जो ग्राम डंगनिया, प.ह.न. 25, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसके उत्तर में प्लाट नं. 45, दक्षिण में 6 फुट की गली, पूर्व में 20 फुट का रोड एवं पश्चिम में 6 फुट की गली स्थित है जिसके चारों ओर नींव डालकर खरीदी के उपरांत से काबिज हूँ।

उक्त वर्णित भूमि दिनांक 08/02/1971 को पंजीकृत विक्रय पत्र के द्वारा जगन्नाथ शर्मा, जनकराम वर्मा एवं रामकुमार बघेल से क्रय किया गया है। इस भूमि का डायवर्सन दिनांक 27/08/2019 एवं सीमांकन दिनांक- 28/08/2020 को हुआ है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निकाय इत्यादि से उक्त वर्णित भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार ना करे, अन्यथा उन्हें कोई स्वतत्व एवं आधिपत्य की प्राप्ति नहीं होगी।

इस सूचना के पश्चात भी यदि कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह सदभावी क्रेता नहीं होगा तथा उसके परिणामों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक:- 29/04/2024

भवदीय
कौशलेन्द्र सिंह ठाकुर
मोबा.नं. 9949016574

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांकः एसईसीएल/म.प्र./भू–राजस्व/2024/169 — दिनांक 16.04.2024

### आवश्यक सूचना

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की प्रस्तावित अंबिका ओपन–कॉस्ट परियोजना के ग्राम – करतली के प्रभावित भू–विस्थापितों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया आरंभ है, जिसमें से निम्नलिखित 10 भू–विस्थापितों/नामांकित व्यक्तियों के नाम में अंतर पाया गया है। इसका विवरण इस प्रकार है:–

| क्र. | ग्राम का नाम | संशोधित घटते क्रम की सूची क्रमांक | खातेदार का नाम/ पिता का नाम | अर्जित खसरा नं. | अर्जित रकबा (एकड़) | नामांकित व्यक्ति का नाम/पिता का नाम/ नामांकन फार्म में | संबंध | बी-1 (वर्ष 2011-12) | सीबीए स्टेटमेंट V | पी-2 (वर्ष 2010-11 से 2014-15) | नामांकन फार्म में खातेदार का नाम | शपथ पत्र | वंशवृक्ष | आधार कार्ड | जाति प्रमाण पत्र | निवास प्रमाण पत्र | शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करतली | 103 | महादेव सिंह पिता भारत सिंह | 554/4, 426/1पी | 0.86 | रामप्रसाद करपे/महादेव सिंह | पुत्र | महादेव पिता भारत सिंह | महादेव सिंह/ भारत सिंह | महादेव सिंह | महादेव सिंह/भारत सिंह | रामप्रसाद करपे पिता महादेव करपे, महादेव सिंह पिता भारत सिंह | महादेव सिंह पिता भारत सिंह, रामप्रसाद करपे पिता महादेव सिंह | रामप्रसाद करपे पिता महादेव करपे, महादेव करपे पिता भारत सिंह करपे | रामप्रसाद पिता महादेव | रामप्रसाद पिता महादेव | रामप्रसाद पिता महादेव |
| 2 | करतली | 49 | संत राम पिता बंधन सिंह | 186/2, 186/3, 192/3, 196/3, 618/3, 618/6 | 1.50 | राजकुमार/ संतराम | पुत्र | संतराम पिता बंधन सिंह गोंड़ | संत राम/ बंधन सिंह | संतराम | संतराम/ बंधनसिंह | संतराम पिता बंधन सिंह, रासबाई, राजकुमारी, रामकुमारी, रुपकुमारी पिता संतराम, राजकुमार पिता संतराम | संतराम पिता बंधन सिंह, रास बाई, राजमति, राजकुमारी, रामकुमारी, रुपकुमारी, राजकुमार पिता संतराम | संतराम करपे पिता बंधन करपे, रुपकुमारी पिता संतराम, राजकुमार कारपे पिता संतराम सिंह, राजकुमारी कर्पे पिता संतराम, रामकुमारी करपे पिता संतराम करपे, रास बाई गोंड पति छत्र पाल | | | राजकुमार पिता संतराम |
| 3 | करतली | 106 | सुभाष सिंह पिता अंजोर सिंह | 599/1, 593/8, 594/5 | 0.83 | नारायण सिंह/ सुभाष सिंह | पुत्र | | सुभाष सिंह/ अंजोर सिंह | सुभाषसिंह पिता अंजोरसिंह | सुभाष सिंह/ अंजोर सिंह | नारायण सिंह सलाम पिता सुभाषसिंह, सुभाष सिंह पिता अंजोर सिंह, अचला पिता सुभाष सिंह | सुभाष पिता अंजोर, नारायण सिंह सलाम, अचला पिता सुभास | सुभाष पिता अंजोर, नारायण सिंह सलाम पिता सुभाष सिंह, अचला पिता सुभाष सिंह | नारायण सिंह सलाम पिता सुभाष सिंह | नारायण सिंह सलाम पिता सुभाष सिंह | नारायणसिंह पिता सुभाषसिंह |
| 4 | करतली | 76 | शिवचरण पिता शिव दयाल | 197/5, 183/1 | 1.05 | हरीश कुमार पिता शिवचरण | पुत्र | | शिव चरण/शिव दयाल | शिवचरन सिंह पिता शिवदयाल | शिवचरण सिंह पिता शिवदयाल सिंह | हरीश कुमार फुलेशर पिता शिवचरण सिंह, शिवचरण सिंह पिता शिवदयाल सिंह, विनोद कुमार, रामकुमार, ईश्वरी, संतोषी पिता शिवचरण सिंह | शिव चरण सिंह पिता शिवदयाल सिंह, विनोद कुमार, हरीश कुमार, रामकुमार, ईश्वरी, संतोषी पिता शिव चरण सिंह | हरीश कुमार फुलेशर पिता शिवचरण सिंह फुलेशर, | हरीश कुमार फुलेशर पिता शिवचरण सिंह फुलेशर | हरीश कुमार पिता शिवचरण | हरीश कुमार फुलेशर पिता शिवचरण सिंह फुलेशर |
| 5 | करतली | 113 | जीत लाल पिता श्याम लाल | 577 | 0.75 | जीत लाल टेकाम पिता श्यामलाल | स्वयं | जीत लाल पिता श्याम लाल गोंड़ | जीत लाल/ श्यामलाल | | जीत लाल टेकाम पिता श्यामलाल | जीतलाल टेकाम पिता श्यामलाल टेकाम | श्यामलाल पिता शिवप्रसाद, जीतलाल टेकाम पिता श्यामलाल | जीतलाल टेकाम पिता श्यामलाल टेकाम | जीत लाल पिता श्याम लाल | जीत लाल पिता श्याम लाल | जीत लाल टेकाम पिता श्याम लाल |
| 6 | करतली | 83 | शत्रुहन सिंह पिता परमानंद | 153/11, 596/5, 598/5, 606/9 | 1.02 | शत्रुहन सिंह/ परमानंद | स्वयं | शत्रुहनसिंह पिता परमानंद गोंड़ | शत्रुहन सिंह/ परमानंद | शत्रुहनसिंह पिता परमानंद | शत्रुहन सिंह/ परमानंद | शत्रुहन सिंह पिता परमानंद, | परमानंद पिता जगदीश, सावित्री, संतोष कुमार, सरिता, अशोक कुमार, अमोल सिंह, शत्रुहन सिंह पिता परमानंद | शत्रुहन सिंह फुलेशर पिता परमानन्द फुलेशर | शत्रुहन सिंह फुलेसर पिता परमानन्द फुलेसर | शत्रुहन सिंह फुलेसर पिता परमानन्द फुलेसर | शत्रुहन सिंह फुलेशर पिता परमानन्द फुलेशर |
| 7 | करतली | 78 | संतोष कुमार पिता परमानंद | 153/6, 596/4, 598/2, 606/3 | 1.04 | संतोष कुमार/ परमानंद | स्वयं | संतोषकुमार पिता परमानंद | संतोष कुमार/ परमानंद | संतोषकुमार गोंड | संतोष कुमार/ परमानंद | संतोष कुमार पिता परमानंद | परमानंद पिता जगदीश, सावित्री, शत्रुहन सिंह, सरिता, अशोक कुमार, अमोल सिंह, संतोष कुमार पिता परमानंद | संतोष फुलेसर पिता परमानन्द फुलेसर | संतोष कुमार फुलेसर पिता परमानन्द फुलेसर | संतोष कुमार फुलेसर पिता परमानन्द फुलेसर | संतोष कुमार फुलेसर पिता परमानन्द फुलेसर |
| 8 | करतली | 88 | माया कुमारी पिता गजानंद | 606/1घ | 1.00 | माया कुमारी पिता गजानंद | स्वयं | | माया कुमारी पिता गजानंद | गजानंद व. जगदीश गोंड़ | माया कुमारी पिता गजानंद | माया कुमारी पिता गजानंद सिंह | गजानंद सिंह पिता जगदीश सिंह, माया कुमारी पिता गजानंद सिंह | माया कुमारी पिता गजानंद सिंह | माया कुमारी पिता गजानंद | माया कुमारी पिता गजानंद सिंह | माया कुमारी पिता गजानंद सिंह |
| 9 | करतली | 148 | सीताराम पिता महेत्तर | 557, 572/2, 527 | 0.59 | विनय कुमार पिता सीताराम | पुत्र | | | | स्व. सीताराम/ महेत्तर सिंह | विनय कुमार पिता स्व. सीताराम, बिंदियारानी पिता स्व सीताराम, सविता बाई पति स्व. सीताराम | शंकर सिंह, स्व. सीताराम, लक्ष्मीनारायण, बुंदकुंवर, कुसुम बाई पिता महेत्तर सिंह, सविता बाई पति स्व. सीताराम, विनय कुमार, बिंदिया रानी पिता स्व. सीताराम | विनय कुमार पिता सीताराम, सविता टेकाम पति सीताराम टेकाम | विनय कुमार पिता सीताराम | विनय कुमार पिता सीताराम | विनय कुमार पिता सीताराम |
| 10 | करतली | 126 | कमल सिंह पिता रघुवीर सिंह | 629/1, 645/4 | 0.68 | इन्द्रपाल सिंह/ कमल सिंह | पुत्र | कमलसिंह व. रघुबरसिंह गोंड़ | कमल सिंह/ रघुवीर सिंह | कमलसिंह पिता रघुबीरसिंह | कमल सिंह/ रघुवीरसिंह | इन्द्रपाल सिंह पिता कमल सिंह, कमल सिंह पिता रघुवीर सिंह | कमलसिंह पिता रघुवीर सिंह, इन्द्रपाल सिंह पिता कमलसिंह | इन्द्रपाल सिंह पिता कमल सिंह, कमल सिंह जगत पिता रघुवीर सिंह जगत | | | इन्द्र पाल सिंह पिता कमल सिंह |

उपरोक्त वर्णित नामों के अंतर एवं भू–स्वामियों द्वारा रोजगार हेतु नामित उम्मीदवार के संदर्भ में यदि किसी को आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति प्रकाशन तिथि के सात (07) दिवसों के अंदर इस कार्यालय को सूचित करें। समय–सीमा समाप्त होने पर किसी प्रकार की आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

SECL:24-25:35

**महाप्रबंधक, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र**


खानपान

डा. मुक्ति बैस

# गर्मी के व्यंजनों में खोइला का महत्व



छत्तीसगढ़ अंचल में बारी बखरी का बहुत महत्व होता है। किसान यहां अपने जरूरत के मुताबिक साग भाजी उगा लेते हैं। ठंड के दिनों में सेमी, करेला, भाटा, गोभी, चुरचुटीया, रामकेलिया, तीवरा भाजी,



कुंदरू, इमली का फूल और पत्ती को सुखा कर रख दिया जाता है, कुछ सब्जियों को मही में रात भर नमक के साथ डुबा कर सुबह उसे सुखा कर रखते हैं। सूखने के बाद इसे तल कर खाया जाता है। बड़ी और बिजौरी को प्रायः रखते ही हैं। इसी तरह जिमी कंद को भी गांवों में सुखा कर रख लेते हैं। इस सूखे साग सब्जी को खोइला के नाम से जानते हैं। सूखने के बाद भी इन सब्जियों की पौष्टिकता बनी रहती है। पहले की चली आ रही इस परंपरा को शहर में तो कम लेकिन देहातो में आज भी देखी जाती है।

परंपरा

बद्री प्रसाद पारकर

# लू ले राहत देवाथे झोला पानी



छत्तीसगढ़ अंचल में हमर पुरखा मन बारो महीना मौसम ले अपन तन ला अनुकूल बनाए के रद्दा बनाय हावे। ए बात अलग हे कि आधुनिकता के प्रभाव ले ऐकर चलन कमती होवत हे फेर भी आजो एकर प्रभाव बरोबर अपन असर देखाथे। अइसने घाम घरी में लू लगे ले बाचे बर माटी के हड़िया में पानी भर के वोमा चार पांच ठन आमा ला डारके वोला छानी में टांग दे जाथे। येकर ले वो पानी हा दिन भर में खूब गरम हो जाथे, काबर कि बैसाख जेठ के महीना में अड़बड़ गरमी ह उसनथे। उही पानी ला जेला झांझ झोला धर लेथे वोला ईही पानी ला सांझ बेरा नहाय जाथे, जेकर ले झांझ झोला या लू हा उतर जाथे। एकर बाद उपयोग में आय आमा ला खाय बर उपयोग में लाय जाथे। ए आमा के पना बना के पीए जाथे। खास कर दिन भर घाम में घुमैया लईका मन बर ए उपाय बड़ अच्छा होथे। बिगर पईसा के सस्ता अऊ सरल उपाय हर कोनो ला करना चाही।

## पुस्तक समीक्षा

# गोदना की प्रकृति




कृति के नाव: गोदना की प्रकृति

लेखक: डा. पंचराम सोनी

प्रकाशक: सर्वहारा प्रकाशन रायपुर

पुस्तक समीक्षा: कमल नारायण

मूल्य: एक सौ साठ रुपए

छत्तीसगढ़ अंचल में गोदना के बारे में हम सभी जानते हैं। लेकिन इसकी उत्पत्ति, प्रारंभिक स्वरूप, गोदना गोदने के तरीके और शरीर में प्रभाव और कारण के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। इस पुस्तक में खास बात यह है कि गोदना के सभी लोक तत्वों को लेखक ने अपने शोध के माध्यम से पाठकों के सामने लाया है। आपने प्रथम भाग में छत्तीसगढ़ अंचल के मैदानी और बस्तर अंचल में प्रचलित गोदना के प्रकार और उनकी परंपरा को विस्तार से व्यक्त किया है। आशा है यह पुस्तक जिज्ञासु पाठकों को विषय वस्तु के माध्यम से अवश्य लाभान्वित करेगी।



**मुगलों के आक्रमण से भारतीय परंपराएं छिन्न-भिन्न हो गई और यहां के प्रेक्षागृह जीर्ण हो गए। तब नाटकों ने दरबारों में भाण और प्रहसन का रूप ले लिया। लेकिन लोक नाट्य की परंपरा आज भी जीवित है चाहे ढोलामारू, चंदायन या लोरिकियन रूप में हो, आज भी प्रचलित है, उनका समुचित विकास मध्य युग के धार्मिक आंदोलन की छत्र छाया में हुआ।**

# धार्मिक आंदोलन की छत्र छाया में हुआ नाट्य कला का विस्तार

मुगलों के आक्रमण के पूर्व भारत के सभी भागों में खासकर राज प्रसादों और मंदिरों में संस्कृत और पाली प्राकृत नाटकों के लेखन और मंथन की परंपरा रही है,लेकिन उनका संबंध अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित था। ग्रामीणजन के बीच परंपरागत लोकनाट्य ही प्रचलित थे। मुगलों के आक्रमण से भारतीय परंपराएं छिन्न भिन्न हो गई और यहां के प्रेक्षागृह जीर्ण हो गए। तब नाटकों ने दरबारों में भाण और प्रहसन का रूप ले लिया। लेकिन लोक नाट्य की परंपरा आज भी जीवित है चाहे ढोलामारू, चंदायन या लोरिकियन रूप में हो, आज भी प्रचलित है, उनका समुचित विकास मध्य युग के धार्मिक आंदोलन की छत्र छाया में हुआ। यही युग की सांस्कृतिक चेतना का वाहक बना।


आचार्य रामचंद्र ने राम कथा को और आचार्य बल्लभाचार्य ने कृष्ण लीला को प्रोत्साहित किया। अंचल में लोक नाट्य दो रूपों में विकसित हुआ। एक तो निम्न वर्ग के देवार, नट, भट आदि लोगों में आल्हा ऊदल, ढोलामारू जैसी परंपरा को तथा पंडु, कंवर और संवरा जाति में पंडवानी और पंथी को विकसित किया। छत्तीसगढ़ में इसका प्रचार प्रसार लगभग 16 वीं और 17 वीं शताब्दी के मध्य हुआ। उत्तर भारत के रास लीला और राम लीला मथुरा, वृंदावन, काशी और इलाहाबाद से सतना, रीवा, अमरकंटक होते हुए पेंड्रा, रतनपुर, शिवरीनारायण, अकलतरा, सारंगढ़, किकिरदा, मल्दा, नरियरा, बलौदा,कवर्धा और राजिम में फैल गया। इसीलिए छत्तीसगढ़ी भाषा में अवधी और ब्रज का पुट मिलता है।



लोक नाट्यः गोपाल शर्मा



# भक्तों की आस्था माता रमई पाट में



आस्थाः तिलकेश्वरी पठारे

छत्तीसगढ़, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की ननिहाल, जो अतीत में दक्षिण कोसल के नाम से जाना जाता था। यहां भगवान श्रीराम से जुड़ी अनेक घटनाएं घटित हुई है। यह पुण्य धरा भगवान श्रीराम से जुड़ी अनेक घटनाओं का साक्षी रही है। कदम कदम पर बिखरी लोकगाथाओं में रामायण से जुड़े कथानकों का उल्लेख मिल जाता है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम से लगभग 25 किमी की दूरी पर सोरिद ग्राम के मुख्य मार्ग से लगभग एक किमी की दूरी पर माता रमईपाट खदर की कुटिया में वास करती हैं जो फिंगेश्वर जमींदारी की आराध्य देवी हैं। फिंगेश्वर में आयोजित होने वाले भव्य शाही दशहरे के दिन फिंगेश्वर के जमींदार माता के पूजन अर्चन के लिए पहुंचते हैं।

माता रमईपाट पर क्षेत्र के लोगों में अगाध श्रद्धा है। मान्यता है कि माता रमईपाट निसंतान दंपति के गोद भरती है। लोग यहां संतान प्राप्ति के लिए माता से मनौती मांगते हैं और पूर्ण होने पर लोहे की सांकल चढ़ाते हैं। लोगों की मनौती और उसके फलित होने के साक्ष्य के रुप में माता के प्रांगण में एक स्थान पर चढ़ाई गई लोहे की सांकल का अंबार इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। लोक मान्यता है कि अयोध्या त्यागने के बाद माता सीता ने सर्वप्रथम यहीं आश्रय लिया। भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जी के साथ यहां माता सीता की गर्भवती स्वरूप वाली प्राचीन मूर्ति स्थापित हैं। ऐसी अद्भुत प्रतिमा कहीं और प्राप्त नहीं हुई है।

चिन्हारी

विजय मानिकपुरी

**बचपन के दिनों में तालाब, नदी, खेत, बाड़ी, जंगल जब दोस्तों के साथ घूमने जाते थे, तब बबूल, नीम, अमरूद की डंठलों और सायकल की ट्यूब से बनाए गुलेल हाथ में जरूर होते थे! कभी बिजली के तारों, वृक्षों में बैठे पक्षियों को निशाना लगाते तो कभी फलों को तोड़ने में नजर गड़ाते..!**



# गांव-गुलेल और गिट्टी

गांव के बच्चे गुलेल को न जाने ऐसा बिल्कुल सम्भव नहीं है। गुलेल का उपयोग सबसे पहले कहां हुआ ? कौन इसका आविष्कारकर्ता है? इसमें पड़ने की बजाय हम गुलेल की वह यादें याद करना चाहते हैं, जहां आम, ईमली, बेर, जामुन, आंवला, गंगा-ईमली आदि तोड़ने के लिए उपयोग में लाते थे.. ! बचपन के दिनों में तालाब, नदी, खेत, बाड़ी, जंगल जब दोस्तों के साथ घूमने जाते थे, तब बबूल, नीम, अमरूद की डंठलों और सायकल की ट्यूब से बनाए गुलेल हाथ में जरूर होते थे! कभी बिजली के तारों, वृक्षों में बैठे पक्षियों को निशाना लगाते तो कभी फलों को तोड़ने में नजर गड़ाते..! वह बचपन की यादें कैसे भूल पाएंगे..! सायकल एक लेकिन सवारी एक नहीं बल्कि तीन-चार हुआ करते थे..! मधुमक्खी के छत्ते पर गुलेल की निशान और मधुमक्खी के उग्र रूप को उस उम्र ने भी दिलेरी से सामना किया है...!

कभी कुएं में घड़े लेकर पानी लेने पहुंचती, उसके पहले दोस्तों की हार जीत की बाजी ने गुलेल के निशाने से कई मटके तोड़ने का रिकॉर्ड कायम भी किए हैं..! यह गुलेल बॉलीवुड में भी खूब वाहवाही लूटी है..बदमाशों के छक्के छुड़ाया है.. तो रियल लाइफ में सुरक्षा कवच भी बना है।गुलेल सिर्फ निशाने लगाकर शिकार करने की कला नहीं सिखाती बल्कि एकाग्रचित्त मन, धीरज व संयम का गुण भी विकसित करती है..!

गुलेल के दौर में जहां खिड़कियों के कांच तोड़ने की अदभुत बाजीगिरी भी हमने देखा-सीखा है..! सचमुच, वह गुलेल की यादें, आप लोग भी याद कीजिए.. मन को, तन को कुछ समय के लिए उस सुनहरे बचपन की यादों में लौटा लीजिए..!


शैलचित्र

अनुपम कुमार

# खैरपुर में रायगढ़ जिले का विशाल शैलचित्र




रायगढ़ से 66 कि मी दूर घरघोड़ा के आगे नवागढ़ी पहाड़ी पर 2000 फुट ऊंचाई पर एक गुफा में विशालतम शैलचित्र अंकित है । यह चित्र गहरे गेरुआ रंग में वृत्त की आकृति में 4 फुट व्यास का है जो आठ खड़ी और आठ आड़ी रेखाओं में विभाजित है जिनमें बने खंडों में कई आकृतियां बनी हुई है, जिनमें क्रास चिन्ह भी है। कहा जाता है कि इन संकेतों के पीछे डोम राजाओं का खजाना छिपा हुआ है,जिन्होंने सत्रहवीं शताब्दी में यहां आश्रय लिया था। माना जाता है कि इस पहाड़ी में कोरवा जाति की आराध्य देवी खुडीया रानी की प्रस्तर प्रतिमा है। जबकि ' छत्तीसगढ़ फ्यूडेटरी स्टेट्स गजेटियर सन 1918' के अनुसार यह एक बौद्ध प्रतिमा है।



# जल्द गिप्पी ग्रेवाल संग आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




टीवी पर आदर्श बहू का किरदार निभाकर अलग पहचान बना चुकीं हिना खान यूं तो एक्टिंग की दुनिया में खूब नाम कमा चुकी हैं, टीवी के बाद वह एक फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वह अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।अपनी फैंस के साथ वह सोशल मीडिया के जरिए जुड़ी रहती हैं और अपना हर अपडेट उनके साथ शेयर करती हैं। इन दिनों हिना खान अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। इसी प्रोजेक्ट से उन्होंने एक फोटो शेयर की है। पहली पोस्ट में एक क्रॉस ओवर ब्रिज पर एक पुलिस वैन दिखाई दे रही है। जिस पर रात 12:43 का समय दिखाया गया है। जिसमें 'बिहाइंड द सीन्स' है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने दूसरी पोस्ट शेयर की है, जिसमें उनके माथे पर चोट लगी दिखाई दे रही है। इन फोटोज को शेयर करते हुए हिना खान ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'क्या आप मेरी चोट देख रहे हैं खैर, ये असली नहीं है।' इसके बाद हिना ने सभी को शुभ रात्रि कहने से पहले ऐसा दिखने के लिए अपने मेकअप आर्टिस्ट सचिन की तारीफ की है।

# कयामत से कयामत तक ने पूरे किए शानदार 36 साल

नई दिल्ली। कयामत से कयामत तक 1988 में रिलीज हुई, एक ऐसी टाइमलेस बॉलीवुड लव स्टोरी है, जिसने कई पीढ़ियों से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। फिल्म के गाने से लेकर कहानी और कलाकार सब पसंद किए गए। यह सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा रोमांटिक फिल्मों में से एक के रूप में अपनी 36वीं वर्षगांठ मना रही है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान ने बतौर लीड एक्टर फिल्म कयामत से कयामत तक से अपनी शुरुआत की थी। राज के रूप में उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने खूब पसंद किया था। इतना ही नहीं फिल्म में उनकी जूही चावला के साथ केमिस्ट्री ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। फिल्म में दोनों के बीच के रोमांस ने सभी के दिलों को धड़काया था। इस फिल्म ने आमिर खान और जूही चावला को बॉलीवुड में एक मजबूत स्थान दिया था और इस तरह फिल्म ने उन्हें इंडियन फिल्म इंडिस्ट्री में एक आइकॉनिक फिगर्स में से एक बना दिया।

**इस फिल्म का पहले रखा गया था नाम 'नफरत के वारिस'**



## गुमशुदा सूचना



मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती बिसनी बाई चेलक** (38 वर्ष) पति श्री शिवप्रसाद चेलक ग्राम भटगांव, थाना मुजगहन, जिला रायपुर (छ.ग.) जो कि दिनांक 08/04/2024 सुबह 8:45 को ढाबा कार्य करने निकली है जो आज तक वापस नहीं लौटी है। कद 5 फुट, रंग सांवली, दुबली-पतली, छत्तीसगढ़ी में बात करती है। जिस किसी भी सज्जन को दिखे या कोई जानकारी मिले तो इस नंबर या पते पर सूचित करें, उचित ईनाम दिया जावेगा।

**शिवप्रसाद चेलक**
**ग्राम-भटगांव (मुजगहन)**
**मो. 70895-15512, 91317-69778**

## आम सूचना

(ग्राम डंगनिया, प.ह.नं. 25, तह. व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 192/12, रकबा 0.033 हेक्टे. के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कौशलेन्द्र सिंह ठाकुर आत्मज स्व. श्री तोरण सिंह ठाकुर, निवासी- ग्राम- पिपरहट्टा जिला-रायपुर (छ.ग.) के हक एवं स्वामित्व की भूमि प्लाट नं. 46, खसरा नं. 192/12 रकबा 0.033 हेक्टे. अर्थात 3509 वर्गफुट जो ग्राम डंगनिया, प.ह.न. 25, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसके उत्तर में प्लाट नं. 45, दक्षिण में 6 फुट की गली, पूर्व में 20 फुट का रोड एवं पश्चिम में 6 फुट की गली स्थित है जिसके चारों ओर नींव डालकर खरीदी के उपरांत से काबिज हूँ।

उक्त वर्णित भूमि दिनांक 08/02/1971 को पंजीकृत विक्रय पत्र के द्वारा जगन्नाथ शर्मा, जनकराम वर्मा एवं रामकुमार बघेल से क्रय किया गया है। इस भूमि का डायवर्सन दिनांक 27/08/2019 एवं सीमांकन दिनांक- 28/08/2020 को हुआ है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निकाय इत्यादि से उक्त वर्णित भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार ना करे, अन्यथा उन्हें कोई स्वतत्व एवं आधिपत्य की प्राप्ति नहीं होगी।

इस सूचना के पश्चात भी यदि कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह सदभावी क्रेता नहीं होगा तथा उसके परिणामों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक:- 29/04/2024

भवदीय
कौशलेन्द्र सिंह ठाकुर
मोबा.नं. 9949016574

# डेब्यू के बाद भी जिम्मी शेरगिल को घर से मांगने पड़ते थे पैसे

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत माचिस फिल्म से की थी। हालांकि उन्होंने फिल्म में छोटा सा किरदार निभाया था, बावजूद इसके उन्हें पहचान मिली थी। लेकिन उतना पैसा नहीं मिला था, जिससे वो मुंबई में आसानी से सरवाइव कर पाते। जिम्मी ने बताया कि उनकी स्थिति कब और कैसे सुधरी थी। जिम्मी ने बताया कि बॉलीवुड में पहचान बनाने की उनकी राह आसान नहीं थी। उन्हें कई साल लग गए थे। इस बीच गुजारा करने के लिए उन्हें अपने घर से पैसे मंगवाने पड़ते थे। इसके लिए वो बेहद शुक्रगुजार भी हैं. जिम्मी ने बताया कि बावजूद इसके उन्होंने कभी घर वापस जाने की नहीं सोची। मोहब्बतें फिल्म करने के बाद उनकी हालत में सुधार आया। वो गुलजार की माचिस फिल्म में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करने गए थे। लेकिन किस्मत से उन्हें उस फिल्म में जिम्मी कैरेक्टर का एक रोल करने को मिला। हालांकि इसके लिए बहुत कम मेहनताना मिला था। वहीं जानने वालों ने काफी ताने दिए थे। जिम्मी ने कहा- गुलजार साहब ने मुझसे पूछा था कि अगर तुम एक्टिंग करना चाहते हो तो डायरेक्शन में क्यों आ रहे हो? मैंने उनसे कहा कि मैंने सुना है कि यहां 5-6 साल से पहले किसी को ब्रेक नहीं मिलता है और मैं घर नहीं जाना चाहता हूं।






## पूर्व तट रेलवे

निविदा सं.
SANDT_WAT_24_S_TWS_84Nos

**कार्य का नाम :** (1) वाल्टियर मण्डल के मालिगुड़ा-किरंडुल के बीच TTR (TSR)-84 सेट, TTR (TWS)-84 सेट, TTR (CMSC)-3 सेट, SEJ-10 सेट एवं ग्लूड जॉइंट-47 संख्यक से संबंधित कार्य का सिग्नलिंग अंश, (2) वाल्टियर मण्डल के K.K. लाइन में पैचों में कि.मी. 341.650 से कि.मी. 350.010 DN लाइन तक TRR (P)-1.520 कि.मी. से संबंधित कार्य का सिग्नलिंग अंश, (3) वाल्टियर मण्डल के K.K. लाइन में पैचों में कि.मी. 365.170 से कि.मी. 369.500 DN लाइन तक TRR (P)-1.530 कि.मी. से संबंधित कार्य का सिग्नलिंग अंश, (4) वाल्टियर मण्डल के K.K. लाइन में पैचों में कि.मी. 358.160 से कि.मी. 359.660 DN लाइन तक TRR (P)-1.500 कि.मी. से संबंधित कार्य का सिग्नलिंग अंश, (5) वाल्टियर मण्डल के मालिगुड़ा-किरंडुल के बीच CTR (P)-1.360TKM से संबंधित कार्य का सिग्नलिंग अंश (SL)। (सभी कार्य वाल्टियर मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर/सिग्नल/जगदलपुर एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/सिग्नल/कोरापुट सेक्शन के है)

**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 39,23,098/-, EMD : ₹ 78,500/-, पूरा होने की अवधि : 12 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 01.05.2024

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 15.05.2024 को 1500 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता, वाल्टियर
PR-67/P/24-25

## इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

IRCTC · LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता हैः–

1. **खुली ई–निविदा (दो निविदा प्रणाली)** – निम्नलिखित टूर पैकेजों के लिए ऑफबोर्ड सेवाओं का प्रावधानः (क) "चार धाम एवं दो धाम यात्रा एक्स दिल्ली एवं एक्स हरिद्वार" (ख) "लेह–लद्दाख एयर पैकेज" (ग) "कश्मीर एयर पैकेज"। प्री–बिड मीटिंगः (क) के लिएः **02.05.2024 को 11:00 बजे** (ख) के लिएः **13:00 बजे** एवं (ग) के लिएः **15:00 बजे**। जमा करने की अंतिम तिथिः **08.05.2024 को 15:00 बजे**। ई–मेलः monika.shankar@irctc.com
2. **खुली ई–निविदा** – रेल नीर प्लांट, एनटीपीसी परिसर, सिम्हाद्री, नजदीक विशाखापटनम (ए.पी.) में 11/0.433 केवी, 500 केवीए कॉम्पैक्ट सेकेंडरी सबस्टेशन की आपूर्ति, संस्थापन, कमीशनिंग एवं कनेक्शन। जमा करने की अंतिम तिथिः **08.05.2024 को 15:00 बजे**।
3. **खुली ई–निविदा सीओ/एनआईटी/एफपी–एफएफयू/2024/02** – फूड प्लाजा एवं फास्ट फूड यूनिटों की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **22.05.2024 को 15:00 बजे** है एवं इन्हें **22.05.2024 को 15:15 बजे** खोला जाएगा। ई–मेलः mobilecatg.tend@irctc.com

विस्तृत विवरणों के लिए **www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC** एवं **www.eprocure.gov.in/cppp** को देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर की जा सकती है।

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हुआ तो उसे केवल **www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC** एवं **www.eprocure.gov.in/cppp** पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

कार्यालय पताः आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली–110001; फोनः 011–23311263/64; फैक्सः 011–23311259

## एनएमडीसी लिमिटेड

एनएमडीसी NMDC
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन' 10-3-311/ए कैसल हिल्स, मासाब टैंक हैदराबाद-500 028
नैगम पहचान संख्या (सीआईएन)-L13100TG1958GOI001674

### निर्माण विभाग – किरन्दुल

**निविदा पूछताछ सं. : निर्माण–किरन्दुल/कंक्रीट रोड/एसपी–III/151/2024/14, दिनांकित : 30/04/2024**

**एमएसटीसी संदर्भ सं. : एनएमडीसी/किरन्दुल/415/23–24/ईटी/1005**

**अनुमानित लागत, जीएसटी सहित, रू. 19.98 करोड़ है**

एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक "नवरत्न" सार्वजनिक क्षेत्र कम्पनी, स्वदेशी भविष्यलक्षी बोलीदाताओं से **"किरन्दुल में एसपी–III क्षेत्र के भीतर विद्यमान जीएसबी रोड के ऊपर कंक्रीट रोड, एसएस–1 से अशोधित जल जलाशय तक नए पहुंच मार्ग का निर्माण संबंधित सिविल निर्माण कार्यों सहित"** के कार्य हेतु ऑनलाइन बिड्स आमंत्रित करती है।

विस्तृत एनआईटी और बिड दस्तावेज **30/04/2024** से **30/05/2024** तक निम्नवर्णित वेबसाइट लिंक्स से देखे तथा/अथवा डाउनलोड किए जा सकते हैं :

1. एनएमडीसी वेबसाइट **https://tenders.nmdc.co.in/nmdctender/**
2. केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (सीपीपी पोर्टल) **https://www.eprocure.gov.in/epublish/app** तथा निविदा पूछताछ संख्या के माध्यम से निविदा खोजें।
3. एमएसटीसी पोर्टल–**https://www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc/buyer_login.jsp**

अतिरिक्त सहायता के लिए एमएसटीसी वेबसाइट में दी गई "वेंडर गाइड" देखें।

बिडर्स से अपनी बिड्स केवल एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है। ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने हेतु विस्तृत विवरण एनआईटी में दिया गया है। बिडर्स से किसी भावी तिथि में शुद्धिपत्र, यदि कोई, के लिए एनएमडीसी की वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल/एमएसटीसी वेबसाइट नियमित रूप से देखने की अपेक्षा की जाती है।

किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, निम्नलिखित से सम्पर्क किया जा सकता है :
एचओपी (निर्माण), संकर्म–किरन्दुल, फोन नंबर 07857 – 255978,
ई–मेल : (1) **prasanna@nmdc.co.in** (2) **gnaresh@nmdc.co.in**

**एनएमडीसी लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से**
**एचओपी (कार्य)**

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जीएम/भट/राजस्व/2024/369 दिनांक 11.04.2024

प्रति,
श्री महेन्द्र मिंज आ. लखन मिंज एवं अन्य
ग्राम–जगन्नाथपुर

विषय :– जगन्नाथपुर खुली खदान परियोजना हेतु आपकी ग्राम जगन्नाथपुर, चौरा स्थित भूमि एवं उस पर बने मकान को मापन उपरांत खाली कर भूमि को खनन कार्य हेतु एसईसीएल भटगांव क्षेत्र को सौंपने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि एसईसीएल भटगांव क्षेत्र की जगन्नाथपुर खुली परियोजना हेतु मखन मिंज, संतोष मिंज की ग्राम जगन्नाथपुर एवं चौरा स्थित भूमि का अधिग्रहण किया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार है–

| क्रं. | भूमि स्वामी का नाम | ग्राम | कुल मुआवजा | मुआवजे की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्द्रभान आ. हलधारी, शंकर प्रसाद आ0 किसनाथ, रमई राम आ. जलधारी, संतोष कुमार आ. मखन राम, **महेन्द्र प्रसाद आ. लखन राम उरांव** | जगन्नाथपुर | 2233754.00 | माननीय न्यायाधीकरण पार्ट टाइम ट्रिब्युनल, बिलासपुर |
| 2 | लखन आ. जोगी उरांव | जगन्नाथपुर | 7156016 | माननीय न्यायाधीकरण पार्ट टाइम ट्रिब्युनल, बिलासपुर |
| 3 | किसनाथ, जलधारी, हलधारी, मखनलाल वो लखनलाल पिता जोगी उरांव | चउरा | 1296780.80 | माननीय न्यायाधीकरण पार्ट टाइम ट्रिब्युनल, बिलासपुर |

उक्त अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु आपको पत्र क्रमांक–
1. एसईसीएल/भट/जगन्नाथपुर/2017/896 दिनांक– 14/11/2017

स्पीड पोस्ट के माध्यम से सूचित किया गया किन्तु आपके द्वारा मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु रूचि नहीं दिखाई इस संबंध में माननीय कलेक्टर सूरजपुर के पत्र क्रमांक 1388/भू–अर्जन/2018, सूरजपुर दिनांक 05/02/2018 के माध्यम से मिली सहमति उपरांत आपके उपरोक्त सभी खाते की मुआवजा राशि माननीय न्यायाधीकरण पार्ट टाइम ट्रिब्युनल, बिलासपुर में जमा कर दी गयी है।

माननीय ट्रिब्युनल पार्ट टाइम ट्रिब्युनल से भी आपको जारी विभिन्न पेशी हेतु उपस्थित आदेश उपरांत भी तभी तक आपके द्वारा कोई आवेदन प्रस्तुत नही किया गया है।

अधिग्रण क्षेत्र में आपके एवं आपके परिवार के मकान एवं अन्य परिसम्पत्तियां स्थित है जिनके मापन एवं गणना हेतु पत्र क्रमांक–
1. एसईसीएल/भट/उ0क्षे0प्र0/जगन्नाथपुर/2087 दिनांक–31/01/2024
2. एसईसीएल/भट/उ0क्षे0प्र0/ज0उ0क्षे0/22/1254 दिनांक–12/10/2022

एवं मौखिक रूप से अनेको बार आपको सूचित किया गया परन्तु उक्त सम्पत्तियों का भी आपके द्वारा सर्वे नही करवाया गया है।

जगन्नाथपुर खुली खदान हेतु भूमि का मुआवजा भुगतान वर्ष 2016 से एवं मकान व अन्य परिसम्पत्तियों का मुआवजा भुगतान 2018 से किया जा रहा है। परन्तु आज दिवस तक आपके द्वारा मुआवजा राशि का प्रक्रिया हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

अतः आपको सलाह दी जाती है कि जगन्नाथपुर के अधिग्रहित क्षेत्र के भीतर अपने घर का सर्वे 7 दिवस भीतर करा कर भूमि का भौतिक आधिपत्य एसईसीएल भटगांव क्षेत्र को सौंपे। ताकि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कोयले का सतत् उत्पादन बना रहे।

SECL/24-25/38 **उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र**

# हरिभूमि CLASSIFIED

epaper : www.haribhoomi.com
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** Hari group हेतु सिक्युरिटी गार्ड, लेडीज गार्ड, गनमैन, हाउसकीपिंग हेतु आया बाई। बेतनमान- 10000 से 15000 आधारकार्ड ,फोटो एवं मार्कसीट छयाप्रति लेकर **संपर्क करे कृष्णा प्लाजा ,अश्वनी नगर लाखेनगर रायपुर 8085435101 , 7909336654 ,7713568537.** (RO-956)

**आवश्यकता है-** रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. **8109070600, 7869230888.** (RO-1174)

### सेल्समेन

**Requirment-** SALES JOB VACANCY S.K SOLVENT (I) PVT LTD. RAIPUR Post- Salesman Age: 28-45 Salary-15000-25000 per month (Additional Commission based on Sales Generated) Experience - 4-5 Years in Edible Oil Industry (Compulsory Experience in Edible Oil Industry) Vacancy-10 Whatsapp only no. **9948417000 , 9893832672** (RO-964)

**आवश्यकता है-** सेल्स बॉय एवं ड्राइवर की जरूरत है नशा मुक्त व्यक्ति ही **संपर्क करें संपर्क करें सूत्र 8959906595.** (RO-7352)

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पम्प विक्रय हेतु सेल्समेन व दुकान में काम करने लड़कों की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क करे- निर्मल सेल्स,रायपुर, मो. नं. 9300659227.** (RO-7472)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### वार्डन/कुक

**आवश्यकता है-** सेक्टर 10 भिलाई में महिला छात्रावास में काम करने हेतु (1)परिपक्व महिला हॉस्टल वार्डन(2) खाना बनाने हेतु कुक की आवश्यकता है ,रहना और खाना फ्री ,वेतन योग्यतानुसार **मो.9399629090, 9303839586** (Ro458)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है **संपर्क नंद होजयरी डिपो जय हिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9300188811.** (RO-4410)

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645.** (RO-2702)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु 4 मेहनती युवकों की आवश्यकता है. वेतन- 10000/- से 12000/- योग्यतानुसार **संपर्क- रायपुर कृषि केंद्र, 124, एस. के. प्लाजा कॉम्पलेक्स,** LBG **गैरेज के पास, बॉम्बे मार्केट, रायपुर.** (RO-1613)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान:- लास विस्टा सोसायटी, अम्लीडीह, रायपुर सम्पर्क करे:- 9575042812.** (RO-2706)

### कुक

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित घर में खाना बनाने 24 घंटे रहने योग्य महिला/युवती चाहिए जो घर की देखभाल कर सके. रहना खाना फ्री+ **वेतन. 9993707000.** (RO-246)

**आवश्यकता है-** क्लाउड-किचन (पार्सल) में कार्य करने हेतु एक इंडियन कम चायनीस कुक की आवश्यकता है। **पता- गीतांजली नगर रायपुर संपर्क - 83195-74658, 96176-00100.** (RO-1484)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00। इंटरव्यू के लिए आते वक्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल, ड्राइविंग लाइसेंस व दोनो डोज वैक्सीन सर्टिफिकेट अवश्य लाये। सैलरी 18000/-**प्रतिमाह। पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक :- 9644720222.** (RO-05)

**आवश्यकता है-** मैसर्स शारदाप्रसाद साव पेट्रोलपंप रानी अवन्तिबाई चौक कोहका रोड़ भिलाई में पेट्रोंल एवं डीजल डालने हेतु DSM (LADIES/GENTS) की आवश्यकता है। **संपर्क मो.- 99261-23539, 76928-88808, 83191-53895.** (आरो न.-457)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर के पास टाटा ऐस और ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर व टाटा ऐस में चलने और अन्य हेमाली कार्य के लिए लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क:- 9754160228.** (RO-1215)

### देख-रेख

**आवश्यकता है-** विकलांग युवक के देखभाल हेतु होनहार. कामकाजी युवक की आवश्यकता है, रहना खाना फ्री वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क नंबर - 7354988225 एड्रेस...होटल ए डी टॉवर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर।** (RO-965)

### गोडाऊन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158.** (RO-A)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। **संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490.** (RO-955)

### सफाई कर्मी

**आवश्यकता है-** देवपुरी रायपुर में घर में दिन भर साफ सफाई के लिए काम करने के लिए महिला वेतन 9,000 महीना और फार्म हाउस में काम करने के लिए पति-पत्नी की आवश्यकता है एवं ड्राइवर 10 पद के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध। **संपर्क:- 8448107841, 9302708426.** (RO-2707)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

### हेल्पर/डिलीवारी कार्य

**आवश्यकता है-** बिस्कुट एजेंसी में कार्य करने हेतु हेल्पर एवम डिलीवरी लडके की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क करें (केवल भिलाई & दुर्ग)के लिए 8839412038**(Ro459)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग हेतु 20 से 28वर्ष के अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000+ आवास फ्री। पोस्टिंग छत्तीसगढ़ से बाहर। ज्वाइनिंग हेतु कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। **सम्पर्क करें- 8273598932, 6387630593.** (RO-33956)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### मैनेजर/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** कचांदुर (जेवरा) प्लांट में कार्य करने हेतु मैनेजर/ सुपरवाइजर, पिकअप ड्राइवर, ट्रेक्टर ड्राइवर, जेसीबी ऑपरेटर,मार्केटिंग बॉय एवं पद्मनाभपुर दुर्ग ऑफिस में कार्य करने हेतु ऑफिस स्टाफ एवं ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क- 74411-99337.** (आरोन.-3482)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़ से ग्रेजुएट लड़के-लड़कियां तुरंत आवश्यकता (वेतन 28500 से 72900/-) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, ड्राइवर, चेकर, हेल्पर, गार्ड (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर **संपर्क:- 07827124935.** (RO-2705)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 9883460031.**(RO-110)

**आवश्यकता है-** सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली कम्पनी द्वारा सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदो पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी- 25670+35850/- आवेदन -10+12th पास लड़के लड़किया आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट **व्हाट्सएप /कॉल करे - 9046968782.**(RO-126)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** नारायण शास्त्री घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज, रूठें मानना, ग्रहकलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) **7347259119.** (RO-12599)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट/भूमि

**प्लॉट बेचना है -** शीघ्र बेचना है 1740 स्क्वायर फीट डायवर्सन प्लांट सेजबाहार हाउसिंग सोसायटी के पीछे एवं दतरेंगा 1000 से 6000। फीट तक सभी साइज में संपर्क करें। **आनंद जैन 9893334767. सुनील जैन 9329761000.** (RO-967)

**प्लॉट बेचना है -** भाटागांव व पचपेड़ी नाका के प्राइम लोकेशन पर सर्व सुविधायुक्त आवासीय प्लॉट 1000, 1200, 1500 वर्गफीट बहुत ही कम कीमत पर, 90% फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध। **संपर्क करें:- 9165586666, 9584444523.** (RO-2700)

**भूमि बेचना है-** दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे के नज़दीक बिरेझर में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. **प्लॉट मात्र 111/- फीट में उपलब्ध है। मो. न. 99931-35732.** (आरो न.-455)

### मकान

**मकान बेचना है -** मकान बेचना है हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू स्थित एलआईजी कॉर्नर का सिंगल स्टोरी मकान दो साईड रोड दोनों साईड गेट लगभग 910 स्क्वेयर फीट संपर्क करें **मोबाइल नंबर:- 9993059700, 8358030320.** (RO-2703)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बैंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

1491 चौके

871 छक्के

# आईपीएल : कोहली ने 7वीं बार एक सीजन में बनाए 500 से अधिक रन

एजेंसी ▶▶| मुंबई


भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने विश्व क्रिकेट में अपना बड़ा नाम किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी उनका बल्ला खूब चला है। वह इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने भारत की इस फ्रेंचाइजी लीग में कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। कोहली ने 7 बार किसी एक सीजन में 500 से अधिक रन बनाए हैं।

### आईपीएल 2024 में पूरे किए 500 रन

कोहली इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान ने आईपीएल 2024 में भी अपने 500 रन पूरे किए और वह इस सीजन में ये आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने इस सीजन में 10 मैचों में ही ये आंकड़ा छू लिया। कोहली इस सीजन में 1 शतक और 4 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद 113 रन की पारी खेली थी।



**2011 में** 16 मैचों में 46.41 की औसत और 121.08 की स्ट्राइक रेट से 557 रन बनाए थे।
**2013 में** 16 मैचों में 138.73 की स्ट्राइक रेट से 634 रन बनाए थे।
**2015 में** 16 मैचों में 45.9 की औसत और 130.82 की स्ट्राइक रेट से 505 रन बनाए थे।
**2016 में** 16 मैचों में 81.08 की औसत और 152.03 की स्ट्राइक रेट से रिकॉर्ड 973 रन बनाए थे।
**2018 में** 14 मैचों में 139.10 की स्ट्राइक रेट के साथ 530 रन बनाए थे।
**2023 में** 14 मैचों में 53.25 की औसत और 139.82 की स्ट्राइक रेट के साथ 639 रन बनाए थे।



## किसी एक मैदान पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने सुनील नरेन

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 47वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नरेन ने गेंदबाजी में अहम उपलब्ध हासिल की है। नरेन ने ईडन गार्डन स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में 24 रन देते हुए 1 विकेट चटकाया। इसके साथ ही वह आईपीएल के इतिहास में किसी एक मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

**नरेन ने ईडन गार्डन में लिए 69 विकेट**
आईपीएल में नरेन ने ईडन गार्डन में 58 मैचों में 19.94 की औसत और 6.32 की इकॉनमी रेट के साथ 69 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड तोड़ा है। बता दें कि इस लीग में एमआई का प्रतिनिधित्व कर चुके मलिंगा ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 43 मैचों में 68 विकेट लिए थे। इस सूची में अमित मिश्रा अरुण जेटली स्टेडियम में 58 विकेट ले चुके हैं।

**पांच विकेट हॉल में लेने वाले इकलौते गेंदबाज हैं नरेन**
नरेन ने केकेआर की ओर से खेलते हुए आईपीएल 2012 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के खिलाफ मैच में 19 रन देते हुए 5 विकेट लिए थे। यह इस ऐतिहासिक मैदान पर आईपीएल में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## खबर संक्षेप



### सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप आज से कोलकाता में

**कोलकाता।** सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के 28वें सत्र का अंतिम दौर आज बुधवार से यहां खेला जाएगा। अंतिम दौर के लिए बारह टीमों को छह-छह टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में टीमें राउंड रोबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अंतिम दौर का ग्रुप चरण 11 मई को समाप्त होगा। सेमीफाइनल 13 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 15 मई को होगा। अंतिम दौर की 12 टीमों में छह ग्रुप चरण विजेता, तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता और तीन सीधे प्रवेश पाने वाली टीम पश्चिम बंगाल (मेजबान), तमिलनाडु (गत चैंपियन) और हरियाणा (गत उपविजेता) शामिल हैं। मैच किशोर भारती स्टेडियम और एआईएफएफ नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे।

### नडाल ने केचिन को हराया, स्वियातेक महिला क्वार्टर फाइनल में



**मैड्रिड।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी।नडाल ने दुनिया के 91वें नंबर के खिलाड़ी केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में 6-1, 6-7, 6-3 से हराया। पांच बार के चैंपियन नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को 6-2, 7-5 से हराने में सफल रहे। वह प्री क्वार्टर फाइनल में 16वें वरीय कारेन खचानोव से भिड़ेंगे।

## आईपीएल : अभी तक पंजाब पर भारी पड़ी चेन्नई

# लखनऊ जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराकर दर्ज की छठी जीत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 48वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराते हुए अपनी छठी जीत दर्ज की है। इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में एमआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 144/7 का स्कोर बनाया। जवाब में एलएसजी ने मार्कस स्टोइनिस की बेहतरीन पारी (62) की मदद से 19वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

### एलएसजी ने आसानी से जीता मुकाबला

एलएसजी ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एमआई का शीर्ष क्रम पूरी तरह से फ्लॉप रहा। नेहाल वढेरा (46) ने एमआई के लिए सबसे बड़ी पारी खेली। उनके अलावा आखिरी ओवरों में टिम डेविड (35) ने तेजी से रन बनाए और स्कोर 144 तक पहुंचाया। एलएसजी के लिए मोहसिन खान ने सबसे ज्यादा 2 विकेट झटके। जवाब में एलएसजी की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन स्टोइनिस ने आसान जीत दिला दी।



### स्टोइनिस की एक और शानदार पारी

आईपीएल 2024 में स्टोइनिस शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। एक बार फिर इस खिलाड़ी ने कमाल की पारी खेली। उन्होंने मैच में 45 गेंद का सामना किया और 62 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 7 चौके और 2 छक्के निकले। यह उनके आईपीएल करियर का 9वां अर्धशतक रहा। उन्होंने 137.78 की स्ट्राइक रेट से मैच में बल्लेबाजी की। इस सीजन स्टोइनिस का आईपीएल में दूसरा अर्धशतक है। वह 300 से ज्यादा रन भी बना चुके हैं।

### नवीन उल हक ने की बेहतरीन गेंदबाजी

नवीन ने मैच में 3.91 की इकॉनमी से गेंदबाजी की। यह आईपीएल 2024 में 3 ओवर से ज्यादा की गई गेंदबाजी में दूसरा सबसे शानदार इकॉनमी रेट है। पहले स्थान पर जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 3.50 की इकॉनमी से गेंदबाजी की थी। मयंक संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, उन्होंने भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 3.50 की इकॉनमी से गेंदबाजी की थी।

### कमाल की रही एलएसजी की गेंदबाजी

एलएसजी के सभी गेंदबाजों का मैच में योगदान शानदार रहा। मोहसिन ने 4 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट लिए। स्टोइनिस ने 3 ओवर गेंदबाजी की और 19 रन देकर 1 विकेट झटके। नवीन उल हक ने 3.5 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 15 रन देकर 1 विकेट लिया। उनकी इकॉनमी रेट 3.90 की रही। रवि बिश्नोई और मयंक यादव के खाते में 1-1 विकेट आए। इन गेंदबाजों को मुंबई का कोई भी बल्लेबाज अच्छे से नहीं खेल पाया।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ईशान किशन का यादव बो बिश्नोई | 32 | 36 | 3 | 0 |
| रोहित का स्टोइनिस बो मोहसिन | 04 | 05 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का राहुल बो स्टोइनिस | 10 | 06 | 0 | 1 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 07 | 11 | 1 | 0 |
| हार्दिक का राहुल बो नवीनुल हक | 00 | 01 | 0 | 0 |
| निहाल वढेरा बो मोहसिन | 46 | 41 | 4 | 2 |
| टिम डेविड नाबाद | 35 | 18 | 3 | 1 |
| मोहम्मद नबी बो यादव | 1 | 02 | 0 | 0 |
| गेराल्ड कोएत्जी नाबाद | 1 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : आठ रन, कुल योग : 20 ओवर में 144/7 रन
गेंदबाजी : स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीनुल 3.5-0-15-1, मयंक 3.1-0-31-1, बिश्नोई 4-0-28-1, हुड्डा 2- 0-13-0

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| केएल राहुल का नबी बो पंड्या | 28 | 22 | 3 | 1 |
| अर्शिन कुलकर्णी पगबाधा बो तुषारा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस का वर्मा बो नबी | 62 | 45 | 7 | 2 |
| दीपक हुड्डा का बुमराह बो पंड्या | 18 | 18 | 2 | 0 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 14 | 14 | 1 | 0 |
| एश्टोन टर्नर बो कोएत्जी | 05 | 09 | 0 | 0 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 06 | 06 | 1 | 0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन, कुल योग : 19 . 2 ओवर में 145/6 रन
गेंदबाजी : तुषारा 4-0-30-1, बुमराह 4-0-17-0, कोएत्जी 3-0-29-1, चावला 3-0-23-0, पंड्या 4-0-26-2, नबी 1.2-0-16-1

## खास खबर

### राधा-हेमलता के शानदार प्रदर्शन से भारत ने दूसरा टी20 19 रन से जीता



**सिलहट (बांग्लादेश)।** बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव और डी हेमलता के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्षाबाधित दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 19 रन से हरा दिया।

राधा के तीन विकेट की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी चुनने वाली मेजबान टीम को 119 रन पर समेट दिया। राधा ने 19 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल को दो दो विकेट मिले । बांग्लादेश के लिये सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून ने सर्वाधिक 46 रन बनाये। भारत की ओर से आठवें ओवर में आई राधा ने बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना और फाहिमा खातून को लगातार दो गेंदों पर चलता किया। वह हालांकि हैट्रिक नहीं लगा सकी और सुल्ताना खातून ने उन्हें चौका जड़ा। दीप्ति ने रितु मोनी को दूसरा शिकार बनाया जबकि राधा ने राबिया खान को आउट किया।

#### बारिश के कारण लागू हुई डकवर्थ लुईस प्रणाली

जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा (0) का विकेट जल्दी गंवा दिया। इसके बाद हेमलता ने 24 गेंद में 41 रन बनाये और भारत ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 47 रन बना लिये थे जब दोबारा बारिश शुरू हो गई। हेमलता ने अपनी नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े। उस समय भारत डकवर्थ लुईस प्रणाली से 19 रन आगे था और बारिश के कारण आगे का खेल नहीं होने पर भारत को विजयी घोषित किया गया। भारत अब पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है।

#### भारत ने ऐसे चटकाए बांग्लादेश के विकेट

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की दिलारा अख्तर ने रेणुका सिंह को पारी की दूसरी ही गेंद पर मिडविकेट में चौका लगाया। इसके बाद बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में चौका लगाया। पहले ओवर में 11 रन बनने के बाद अनुभवी स्पिनर दीप्ति ने अख्तर को पवेलियन भेजा। वह स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में डीप में रेणुका को कैच दे बैठी।

## वर्ल्ड कप विजेता इंग्लैंड की कमान संभालेंगे बटलर

### टी-20 विश्व कप 2024 : जोफ्रा आर्चर की हुई वापसी

एजेंसी ▶▶| दुबई

इस साल टी-20 विश्व कप 2024 आगामी जून में वेस्टइंडीज और यूएसए में संयुक्त रूप से खेला जाना है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम की घोषणा की है।

जोस बटलर के नेतृत्व वाली 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। इसके अलावा विल जैक्स और फिल सॉल्ट, टॉम हार्टले भी अपनी जगह बनाने में सफल हुए हैं। गत विजेता इंग्लिश टीम अपने अभियान की शुरुआत 4 जून को स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ करेगी।



#### ऐसी है इंग्लैंड की टीम

विश्व कप के लिए इंग्लिश टीमः जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), फिल सॉल्ट, विल जैक्स, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), हैरी ब्रुक, लियाम लिविंगस्टोन, मोईन अली, सैम करॅन, जोफ्रा आर्चर, क्रिस जॉर्डन, मार्क वुड, रीस टॉपले, आदिल राशिद, टॉम हार्टले और बेन डकेट।

## मार्करम करेंगे द.अफ्रीकी की कप्तानी



**दुबई।** टी-20 विश्व कप 2024 के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने एडेन मार्करम की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है, जिसमें कगिसो रबाडा और क्विंटन डिकॉक जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं।

**दक्षिण अफ्रीकी टीम :** एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को येंसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्खिया, कगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

## रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक से बार्सीलोना ने वेलेंसिया को हराया

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना ने दूसरे हाफ में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक की बदौलत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में वेलेंसिया को 4-2 से हराया। बार्सीलोना ने गेंद को अपने कब्जे में लेने के मामले में दबदबा बनाया लेकिन पहले हाफ में रक्षापंक्ति की दो गलतियों के कारण मध्यांतर के समय 1-2 से पीछे थी। फेर्मिन लोपेज ने 22वें मिनट में हेडर से गोल दागकर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई लेकिन पांच मिनट बाद ह्यूगो ड्यूरो ने स्कोर 1-1 कर दिया। पेपेलू ने पहले हॉफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल दागकर वेलेंसिया को 2-1 से आगे किया। मध्यांतर से टीम पहले वेलेंसिया के गोलकीपर जियॉर्जी ममारदाशविली को फाउल करने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद दूसरे हाफ में लेवानदोवस्की छाए रहे। उन्होंने 49वें, 89वें और फिर इंजरी टाइम (90 प्लस तीन मिनट) में गोल दागकर हैट्रिक बनाई और बार्सीलोना की 4-2 से जीत सुनिश्चित की।



## आईपीएल के माही ने रचा एक और इतिहास

# सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में टॉप पर धोनी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 46वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रन से हरा दिया। इसीके साथ टीम ने अपनी खोई हुई लय भी प्राप्त कर ली है। यह जीत सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिए काफी अहम थी। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।



### महेंद्र सिंह धोनी- 150 मुकाबले

धोनी आईपीएल के इतिहास में पहले खिलाड़ी बने, जो 150 मैच जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। साल 2008 में धोनी पहली बार सीएसके की टीम का हिस्सा बने थे और वह टीम के कप्तान भी थे। उनकी कप्तानी में सीएसके ने 5 बार ट्रॉफी अपने नाम की है और फ्रेंचाइजी 5 बार फाइनल तक भी पहुंची है। धोनी ने 135 मैच सीएसके के साथ और 15 मैच राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के साथ जीते हैं।



### रविंद्र जडेजा- 139 मैच

सीएसके के रविंद्र जडेजा सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर हैं। जडेजा ने अपना पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स के लिए साल 2008 में खेला था। उस सीजन आरआर ने ट्रॉफी अपने नाम की थी। सीएसके के साथ इस खिलाड़ी ने 3 बार आईपीएल की ट्रॉफी जीती है। जडेजा गुजरात लायंस और कोच्ची के लिए भी खेल चुके हैं।


### रोहित शर्मा- 133 मैच

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। वह साल 2009 के सीजन में हैदराबाद की टीम के साथ ट्रॉफी जीत चुके हैं। इसके अलावा यह खिलाड़ी एमआई को भी अपनी कप्तानी में 5 बार साल 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में ट्रॉफी दिला चुका है।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागियों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** दूजे राम साहू पिता/पति स्व रामू साहू, विनोबा भावे नगर राजातालाब रायपुर, जुड़ावन प्रसाद वर्मा पिता/पति स्व. मंगल प्रसाद वर्मा, उरकुरा शीतला तालाब के पास रायपुर, जितेन्द्र देवांगन पिता/पति लीला राम देवांगन, श्रीराम नगर चंगोराभाटा रायपुर, मोहन लाल साहू पिता/पति कार्तिक राम साहू, नीम चौक छिरपानी भाटापारा रायपुर, खेदू राम साहू पिता/पति स्व. गुहाराम साहू, खौना वार्ड न. 9 रायपुर, द्वारिका राम देवदास पिता/पति स्व. राजाराम देवदास, श्रद्धा विहार कॉलोनी बोरियाखुर्द रायपुर, जोहनलाल वर्मा पिता/पति स्व. यदुराम वर्मा, मठपारा पानी टंकी के पास रायपुर, रामेश्वरी ठाकुर पिता/पति गौतम ठाकुर, बजरंग चौक साहू पारा टिकरापारा रायपुर, गणेश राम देवांगन पिता/पति समेलाल देवांगन, जल गृह मार्ग टिकरापारा रायपुर, मनीष कुमार लोखंडे पिता/पति केशव लोखंडे, नंदी चौक टिकरापारा रायपुर, शारदा कुमार साहू पिता/पति पुरानिक राम साहू, शंकर नगर खम्हारडीह रायपुर, डीगेश्वर प्रसाद साहू पिता/पति खेदुराम साहू, न्यू साहू पारा खमतराई रायपुर, भागनंद रिनायत पिता/पति स्व. धनलाल रिनायत, शिवनगर चंगोराभाटा रायपुर, तरुण पटेल पिता/पति कामदेव पटेल, लाभांडी रायपुर, विरेन्द्र निर्मलकर पिता/पति बलिराम निर्मलकर, उरकुरा महामाया चौक रायपुर, राजेंद्र कुमार साहू पिता/पति विष्णु राम साहू, जुलुम टेकारी रायपुर, निलय कुमार शर्मा पिता/पति जे एल शर्मा, हेमंत ज्वेलर्स के सामने कोटा रायपुर, सुनीता बंसल पिता/पति राम अवतार, बंसल करन नगर चंगोराभाटा रायपुर, मोहित कुमार ध्रुव पिता/पति परदेसी राम ध्रुव, वीरभद्र नगर गली न 11 टिकरापारा रायपुर, दिलीप सिंह सेन पिता/पति दशरथ सेन, वार्ड न. 20 कैलाश नगर बिरगांव रायपुर, दीपक देवांगन पिता/पति भगवती प्रसाद देवांगन, हनुमान वाटिका भाटागांव रायपुर, तिजऊ राम साहू पिता/पति स्व. जेठू राम साहू, जोरा कृषक नगर रायपुर, खेलन कुमार साहू पिता/पति प्रेमलाल साहू, अम्लेश्वर रायपुर, खिलावन ताम्रकार पिता/पति रमेश कुमार ताम्रकार, लिली चौक पुरानी बस्ती रायपुर, लता सोनवानी पिता/पति दिलीप कुमार सोनवानी, शाश्वत नगर बोरियाखुर्द रायपुर, फागुराम देवांगन पिता/पति समारू राम देवांगन, बुधवारी बाजार बिरगांव वार्ड न 31 रायपुर, नानेश्वर शिंगाडे पिता/पति सखाराम शिंगाडे, केलाबाड़ी मजार के पास दुर्ग जिला दुर्ग, सुखित राम यादव पिता/पति स्व. मिलन यादव, पुरई उतई जिला दुर्ग, अरुण कुमार यादव पिता/पति बिसंभर यादव, बघेरा वार्ड न 56 दुर्ग जिला दुर्ग, रुपेश कुमार सोनी पिता/पति तुलसी राम सोनी, शिवनगर वार्ड न 2 दुर्ग जिला दुर्ग, विजय कुमार सोनकर पिता/पति स्व. बिसंभर सोनकर, शिवनगर राजीव नगर दुर्ग जिला दुर्ग, राज कुमार सिन्हा पिता/पति स्व. परस राम सिन्हा, केलाबाड़ी वार्ड न 40 दुर्ग जिला दुर्ग, नेमीचंद शर्मा पिता/पति पी. पी. शर्मा, एमआईजी 620 हुडको भिलाई जिला दुर्ग, राम दयाल सिन्हा पिता/पति स्व. मुखुराम सिन्हा, वार्ड न 38 मोलपारा दुर्ग जिला दुर्ग, सोमनाथ पारकर पिता/पति शत्रुहन लाल, कलौदी भेड़सर जिला दुर्ग, हेम कुमार रावटे पिता/पति सोनऊ राम रावटे, न्यू आमापारा शंकर नगर दुर्ग जिला दुर्ग, बीरबल चंद्राकर पिता/पति तिलक राम चंद्राकर, मोलपारा दुर्ग जिला दुर्ग, चंदराम टंडन पिता/पति स्व. सालिक राम टंडन, कन्हरा पारा बजरंग नगर दुर्ग जिला दुर्ग, राजेश यादव पिता/पति धनीराम यादव, एस टी आर 2/11 पद्मनाभपुर जिला दुर्ग, शकील खान पिता/पति शमीउल्ला खान, 368 / 10 शंकर नगर दुर्ग जिला दुर्ग, प्रदीप कुमार सोनी पिता/पति स्व. संतोष कुमार सोनी, वार्ड 05 मरारपारा शीतला नगर दुर्ग जिला दुर्ग, छल्लू राम सेन पिता/पति भगवानी राम सेन, पोटिया कला वार्ड न. 54 दुर्ग जिला दुर्ग, सुमन विश्वकर्मा पिता/पति प्रकाश विश्वकर्मा, गणेश नगर महाराणा प्रताप स्कूल के पास कवर्धा जिला कवर्धा, अखिलेश कुमार यादव पिता/पति नारायण यादव, रामनगर कवर्धा जिला कवर्धा, पिंटू राम दर्रो पिता/पति बिशाल दर्रो, मौलीपारा कोकानपुर जिला कांकेर, मनीष कुमार यादव पिता/पति पी. आर. यादव, ग्रंथालय के पास डी. एन. के. कॉलोनी कोंडागांव जिला कोंडागांव, अमृत बाई दिवान पिता/पति जयंत कुमार दिवान, रानीपरतेवा जिला गरियाबंद, विनोद कुमार अड़वंशी पिता/पति दुखुराम अड़वंशी, रानीपरतेवा छुरा जिला गरियाबंद, किशोर यादव पिता/पति निर्मल यादव, रवेली मडेली थाना छुरा जिला गरियाबंद, दपेंद्र कुमार यादव पिता/पति संतुराम यादव, खड़मा छुरा जिला गरियाबंद, रविन्द्र कुमार पिता/पति स्व खेदु प्रसाद, मोहंदी जिला दुर्ग, भैरवलाल नेताम पिता/पति दयाराम नेताम, सांकरा नगरी जिला धमतरी, भुनेश्वर सिन्हा पिता/पति स्व. कामता प्रसाद, मुजगहन जिला धमतरी, विनोद कुमार यादव पिता/पति बिहारी लाल यादव, बिरेतरा डोमा जिला धमतरी, गौरव कुमार चन्द्राकर पिता/पति चुनीलाल चन्द्राकर, छाती जिला धमतरी, ईश्वर लाल सोनकर पिता/पति स्व. विष्णु राम, महात्मा गांधी वार्ड धमतरी जिला धमतरी, अनीता उइके पिता/पति एच. आर. उइके, बालाजी नगर कुरूद जिला धमतरी, हरिराम साहू पिता/पति रामप्रसाद साहू, मोहंदी जिला धमतरी, जितेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता/पति भूखन लाल अग्रवाल, छावनी जिला धमतरी, भुषण लाल नाग पिता/पति स्व सुखचंद नाग, वार्ड 03 नगरी जिला धमतरी, खिलेंद्र कुमार साहू पिता/पति भोजराम, लोहारपारा धमतरी जिला धमतरी, सुरेन्द्र कुमार नेताम पिता/पति स्व. गुहाराम नेताम, सुभाष वार्ड 40 धमतरी जिला धमतरी, सोमदत्त यदु पिता/पति बृजेश कुमार यदु, वार्ड न 02 सिलपारा लवन जिला बलौदाबाजार, पंकज साइकल स्टोर सिरपोल जिला बलौदाबाजार, रामबिलास यदु पिता/पति पंचराम यदु, खम्हरिया अर्जुनी जिला बलौदाबाजार, सुनील कुमार कन्नौजे पिता/पति स्व. रामलाल कन्नौजे, पुरानी बस्ती ठाकुरदेव चौक बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार, अनिल कुमार उइके पिता/पति पंचकौड़ उइके, कन्नेवाड़ा करहीभदर जिला बालोद, जागुराम चंद्राकर पिता/पति खोरबहरा चंद्राकर, वार्ड न 12 नगर पंचायत नवागढ़ जिला बेमेतरा, अमित कन्नौजे पिता/पति चन्द्रशेखर कन्नौजे, लभरा खुर्द जिला महासमुंद, रोहित कुमार ठेठवार पिता/पति गोपालराम, लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव, नीलिमा अग्रवाल पिता/पति अशोक अग्रवाल, अनुपम नगर राजनांदगांव जिला राजनांदगांव, सुशील कुमार लाउत्रे पिता/पति भंवरलाल लाउत्रे, न्यू सेक्टर अछोली डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, संजीता सेन गुप्ता पिता/पति स्व जयंत सेनगुप्ता, जीवन कॉलोनी राजनांदगांव जिला राजनांदगांव, राजेश नरेश किराना, पटेल वार्ड गोल बाजार डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, देवीदास साहू पिता/पति विवेक दास साहू, टेड़ेसरा जिला राजनांदगांव

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें


1 मई
जीवेत शरदः शतम्
सादगी का सम्मोहन
हमर भईया बृजमोहन
ल जन्मदिन के
गाड़ा-गाड़ा बधाई
मीनल चौबे, मनोज वर्मा, मृत्युंजय दुबे, सूर्यकांत राठोड़, कमलेश वर्मा जी, नारद कौशल, टेसू साहू, सुशीला धीवर,
विश्वदिनी पाण्डेय, प्रमोद साहू, तिलक भाई पटेल, विनोद अग्रवाल, गोदावरी साहू, कामिनी देवांगन, सुनील चंद्राकर,
रजियंत ध्रुव, भोलाराम साहू, सुमन प्रजापति, रोहित साहू, सीमा साहू, दीपक जायसवाल, मधु चंद्रवंशी, सरिता दुबे,
सीमा कंदोई, रवि कुमार ध्रुव, सावित्री साहू, चंद्रपाल धनकर, सरिता वर्मा, राजेश ठाकुर, गोपेश साहू, अमर बंसल




# ये है दुनिया के अंत की ट्रेन, पृथ्वी के सबसे दक्षिणी इलाके में चलती है

**न्यूयार्क।** दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना के सुदूर दक्षिण के इस्ला ग्रांडे डे टिएरा डेल फुएगो द्वीप में उशुआइया का सुंदर और रंगीन शहर है। दुनिया के सबसे दक्षिणी शहर के बाहरी इलाके से परे एक छोटी भाप की ट्रेन चलती है। इसे ट्रेन डेल फिन डेल मुंडो यानी दुनिया के अंत की ट्रेन भी कहा जाता है।



दक्षिण अमेरिका के सबसे दक्षिणी सिरे पर, एंडीज से परे, उशुआइया का सुंदर और रंगीन शहर स्थित है, जिसे कुछ लोग दुनिया का सबसे दक्षिणी शहर मानते हैं। शहर के बाहरी इलाके से परे एक छोटी भाप रेलवे चलती है जो मूल रूप से उशुआइया की दंड कॉलोनी की सेवा के लिए बनाई गई थी। आज, दक्षिणी फ्यूजियन रेलवे पर्यटकों को सुरम्य पिको घाटी, घने जंगलों वाले टोरो कण्ठ से होते हुए हैरतअंगेज राष्ट्रीय उद्यान तक ले जाता है। इस्ला ग्रांडे डे टिएरा डेल फुएगो, वह द्वीप है जहां उशुआइया स्थित है।

## दुनिया का सबसे दक्षिणी कामकाजी रेलवे

1982 में फॉकलैंड युद्ध की समाप्ति और अर्जेंटीना में लोकतंत्र की पुनः स्थापना तक यह शहर शेष विश्व से कटा रहा। लंबे समय से भूली हुई रेलवे को 500 मिमी गेज में फिर से बनाया गया और एक पर्यटक रेलवे के रूप में फिर से लॉन्च किया गया।

हाईकोर्ट ने जवाब मांगा

# बाएं पैर का आपरेशन कराने गई महिला का दाहिना पैर आपरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बाएं पैर का ऑपरेशन कराने गई महिला का दाहिना पैर ऑपरेट कर दिया गया। गंभीर रूप से पीड़ित और परेशान याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली है। मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय की सिंगल बेंच ने इसे गंभीरता से लेकर जांच समिति, डायरेक्टर किम्स, डायरेक्टर आर बी हास्पिटल और डॉ लालचंदानी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बिलासपुर निवासी शोभा शर्मा के बाएं पैर में पहले से तकलीफ थी। उन्होंने पहले स्थानीय किम्स हास्पिटल में अपना उपचार कराया। यहां सलाह दी गई कि आपके पैर का आपरेशन ही करना होगा, उसके बाद ही यह पूरा ठीक होगा। चिकित्सकीय सलाह के बाद इनके पति रितेश शर्मा ने इन्हें आरबी हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया, जहां ऑपरेशन होना था। ऑपरेशन के बाद जब याचिकाकर्ता को ऑपरेशन थियेटर से बाहर लाया गया, तब मालूम हुआ कि बाएं की बजाय दाहिने पैर को ऑपरेट कर दिया गया है। परिजन ने जब इस पर आपत्ति जताई तब इसी अस्पताल में दाहिने पैर की भी सर्जरी कर दी गई। इसकी शिकायत बाद में जिला कलेक्टर से की गई। प्रशानिक स्तर पर कोई मदद नहीं मिली, न ही दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। पीड़ित शोभा शर्मा ने इसके बाद एडवोकेट आनंद मोहन तिवारी के माध्यम से हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट में जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई।



■ जांच समिति, डायरेक्टर किम्स, डायरेक्टर आर बी हास्पिटल और डॉ लालचंदानी को नोटिस

## कोर्ट ने मांगा जवाब

सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले में हुई लापरवाही पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार की जांच समिति, कलेक्टर बिलासपुर, आरबी हॉस्पिटल,सिम्स, और डॉक्टर लालचंदानी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। ज्ञात हो कि इस मामले में शिकायत सामने आने के बाद सिम्स के प्रोफेसर डा. ओपी राज की अध्यक्षता में एक जांच समिति बनाई गई है। डा राज चूंकि सर्जरी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ हैं, इसलिए इन्हें ही पूरे मामले की जांच करनी है।

# दलाल सहित 14 युवती और 7 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

शहर में चल रहे सबसे बड़े सैक्स रैकेट का भंडाफोड़ करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दलाल सहित 14 युवतियों और 7 युवकों को रंगे हाथों पकड़ा। उनके कब्जे से दो कार, नकद व आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में लगी हुई है।

मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि अमेरी गोकुलधाम के पास एक कालोनी में किराए के मकान में बड़ा सैक्स रैकेट चलाया जा रहा है। एक युवती स्कूटी लेकर अमेरी चौक नेहरू नगर रोड पर ग्राहक के आने का अंतजार करते हुए खड़ी हुई है। सूचना पर उच्च अधिकारियों ने अलग अलग थानों की टीम बनाकर अमेरी चौक में दबिश देकर युवती को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने दलाल के कहने पर ग्राहक से मिलने आना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर गोकुलधाम के पास किराए के मकाम में दबिश देकर दलाल युवक सहित 4 युवतियों व युवकों को पकड़ा गया। उसके बाद अमेरी सांई अपार्टमेंट व आसमा सिटी में दबिश देकर युवक युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। इस तरह पुलिस ने सरगना दलाल सहित 14 युवतियों व 7 युवकों को पकड़ा है। पुलिस ने दलाल की डिजायर कार व एक युवक की बोलेनो कार जब्त कर थाने में खड़ी कर दी है। वहीं दलाल व युवतियों के पास से नकद व आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। बहरहाल पुलिस दलाल, युवतियों व ग्राहक युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है। पकड़े गए युवकों में शहर के अलावा कोरबा व अन्य जिलों के युवक हैं।

■ सैक्स रैकेट का भंडाफोड़

## पैकेज में बाहर से आई थी युवतियां

सूत्रों के मुताबिक दलाल पैकेज में बड़ी संख्या में कोलकाता, दिल्ली, कोरबा से युवतियों को बुलाकर सैक्स रैकेट चला रहा था। बताया जा रहा है कि ये युवतियां एक सप्ताह में 50 हजार रुपए कमा लेती थीं। दलाल महीनेभर में युवतियों वापस भेजकर दूसरी कार्लगल को बुला लेता था।

## दलाल करता था सप्लाई

पकड़ा गया दलाल मोबाइल के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क कर उनके बताए गए जगहों पर अपने कार व अन्य वाहनों से युवतियों को भेजता था। बताया जाता है कि दलाल लंबे समय से शहर के आउटर की कालोनी में किराए के मकान से बड़ा सैक्स रैकेट चला रहा था।

## लगातार मोबाइल में आ रहा था फोन

पकड़े जाने के बाद दलाल के मोबाइल पर लगातार ग्राहकों व कालगर्ल के फोन आ रहे थे। उसके आधार पर पुलिस ने अलग अलग स्थानों में दबिश देकर युवतियों व युवकों को पकड़ा है।

## हरिभूमि माह अप्रैल 2024 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 30 दिन | 5.00 | 150.00 |
| | कुल | 150.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अप्रैल 2024 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक













Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Anaal Honda - 9589090022/26/29, 9589090024/27; Aan Honda (Nehrunagar) - 9826635600, 0788-4013336; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONDEKHURD: Yash Honda - 9826146586; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 0788-4017246, 0788-4017740, 9827349450; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; MANDIR HASAUD: Gurukripa Honda - 9827892427: NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; AMBAGARH CHOWKI: Nihal Honda - 8719911000, 9165143484; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com